दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 175
कोटद्वार सोमवार
24 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

समस्त देश एवं प्रदेशवासियों, सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को दैनिक जयन्त की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकमानायें।

-सम्पादक



**सूचना**

दीपावली के पावन पर्व पर दैनिक जयन्त कार्यालय में 24 अक्टूबर 2022 को अवकाश रहेगा। दैनिक जयन्त का अगला अंक 26 अक्टूबर 2022 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# भारत ने पाकिस्तान से लिया बदला, चार विकेट से हराया

**मेलबर्न, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान को सुपर-12 के अपने पहले मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया है। विराट कोहली ने भारतीय फैन्स को दिवाली का तोहफा दिया है। उन्होंने इस मैच में 53 गेंदों में 82 रन की नाबाद पारी खेली।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 159 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने एक वक्त 31 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।

इसके बाद हार्दिक पांड्या ने विराट कोहली के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 78 गेंदों में 113 रन की साझेदारी निभाई। आखिरी पांच ओवर में भारत को जीत के लिए 60 रन की जरूरत थी। 16वें ओवर में छह रन बने और इसके बाद 17वें ओवर में छह रन बने।

18वें ओवर में कोहली ने गियर बदला और शाहीन अफरीदी के ओवर में तीन चौके लगाए। 18वें ओवर में भारत ने 17 रन बटोरे। आखिरी दो ओवर में टीम इंडिया को 31 रन चाहिए थे। 19वें ओवर की आखिरी



दो गेंदों पर कोहली ने दो छक्के लगाए। उस ओवर में हारिस रऊफ़ गेंदबाजी कर रहे थे।

आखिरी ओवर में भारत को 16 रन की जरूरत थी। मोहम्मद नवाज गेंदबाजी के लिए आए और पहली गेंद पर हार्दिक पांड्या को पवेलियन भेजा। हार्दिक 37 गेंदों में 40 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी गेंद पर कार्तिक ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर कोहली ने दो रन लिए।

चौथी गेंद पर कोहली ने छक्का लगाया। अंपायर ने हाइट की वजह से इसे नो बल दिया। इसके बाद नवाज ने फ्री हिट में वाइड बल डाली। चौथी गेंद पर कोहली ने बाई में तीन रन लिए। पांचवीं गेंद पर कार्तिक आउट हो गए। वह एक रन बना सके। आखिरी गेंद पर नवाज ने पहले वाइड बल दें की और इसके बाद अश्विन ने एक रन लेकर मैच जिता दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में मिली हार का बदला भी ले लिया। पिछले साल पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। तब टीम के कप्तान विराट कोहली थे।



## विराट के बल्ले से बरसे चौके छक्कों का दून में मना जश्न, जमकर हुई आतिशबाजी, दीपावली सा माहौल

**देहरादून।** अस्ट्रेलिया के मेलबर्न से भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने छोटी दीपावली पर पूरे देशवासियों को बड़ा धमाकेदार तोहफा दिया।अस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ हुए टी-20 मुकाबले में विराट की आक्रामक पारी ने दूनवासियों के दीपावली के उत्सव को दोगुना कर दिया। मैच की आखिरी गेंद तक क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें टीवी पर जमी रहीं। कुछ पल के लिए लगा मैच हाथ से निकल गया। लेकिन आखिरी के कुछ ओवरों में विराट ने जो जादू दिखाया उससे दूनवासियों में एक दिन पहले ही बड़ी दीपावली मनाई।

## बोनस तो मिला, डीए की कामना अधूरी, सीएम धामी के फैसले पर लगी करीब तीन लाख कर्मचारियों की नजर

**देहरादून** । प्रदेश के करीब तीन लाख कर्मचारियों की महंगाई भत्ते (डीए) की मुराद पूरी नहीं हो पाई है। हालांकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करीब डेढ़ लाख कर्मचारियों को दीपावली बोनस की सौगात दे चुके हैं, लेकिन अभी उन्होंने डीए पर फैसला नहीं लिया है। हालांकि कर्मचारियों ने दिवाली से पहले डीए मिलने की अब भी उम्मीद नहीं छोड़ी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडेय का कहना है कि सभी कर्मचारी दिवाली से पहले डीए मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। उनकी उम्मीद खत्म नहीं हुई है। हालांकि डीए जारी न होने से कर्मचारियों में थोड़ी मायूसी जरूर है। बता दें कि, प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारियों को चार फीसदी डीए और दिवाली बोनस पर सहमति बन गई थी और इस पर मुख्यमंत्री को फैसला लेने के लिए अधित किया गया था। मुख्यमंत्री ने बोनस को तो मंजूरी दे दी, लेकिन अभी डीए को लेकर उन्होंने कोई निर्णय नहीं लिया है।वित्त विभाग के सूत्रों के मुताबिक, डीए का प्रस्ताव भी अपर मुख्य सचिव वित्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को अनुमोदन के लिए भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज की शुभकामनाएँ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि धनतेरस पर आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरी की पूजा का भी महत्व है। भगवान धन्वंतरी हम सबके जीवन में सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता प्रदान करें इसकी उन्होंने कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का पर्व मर्यादा, सत्य एवं सद्भावना का भी संदेश देता है। दीपों का यह त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है।

## केदारनाथ व बदरीनाथ धाम की तर्ज पर होगा राज्य के अन्य पौराणिक मंदिरों व तीर्थ क्षेत्रों के विकासः मुख्यमंत्री



**देहरादून।** राज्य सरकार केदारनाथ व बदरीनाथ धाम की तर्ज पर ही राज्य के अन्य पौराणिक मंदिरों व तीर्थ क्षेत्रों के विकास के लिये काम करेगी। सीएम आवास मे दीपावली की बधाई देने आए अधिकारियों के साथ राज्य के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि राज्य में तीर्थाटन व धार्मिक पर्यटन के सुनियोजित विकास के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ उनका व्यापक विचार विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री जी से इस संबंध में बहुत ही महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड दुनिया भर के करोडो लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। उत्तराखण्ड में केदारनाथ धाम व बदरीनाथ धाम की तरह ही प्रदेश के अन्य पौराणिक मंदिरों व तीर्थ क्षेत्रों का सुनियोजित विकास करने के लिए राज्य सरकार मास्टर प्लान बनाए, केंद्र सरकार हर सम्भव सहायता के लिए तत्पर है। प्रधानमंत्री जी ने यह भी सुझाव दिया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को अन्य पौराणिक मंदिरों के महत्व की भी जानकारी दी जाए और साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों के बारे में भी बताया जाए। इससे प्रदेश में निश्चित तौर पर पर्यटन का विकास होगा। जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका मिलेगी व आय में वृद्धि होगी। आज की बैठक में इस बात पर भी विचार विमर्श हुआ कि चार धाम यात्रा पर आए बहुत से श्रद्धालुओं को कई बार हेली सेवा के लिये दो तीन दिन प्रतीक्षा करनी होती है।

ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि इस दौरान यात्री आस पास के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकें। इससे एक ओर इन यात्रियों के समय का सदुपयोग होगा, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा घूमने के दौरान खर्च किये जाने से स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री जी को कुमाऊँ के मंदिरों के लिए मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के बारे में भी जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है।

## धनतेरस और दिवाली पर उत्तराखंड सरकर पर जमकर हुई धनवर्षा

**हल्द्वानी।** दिवाली और धनतेरस के त्योहार के दौरान बढ़ी जमीनों और मकानों की बिक्री से उत्तराखंड सरकार के खजाने में धनवर्षा हुई है। पिछले 10 माह में हल्द्वानी उपनिबंधक दफ्तर में रजिस्ट्री से सरकार को 853 करोड़ का राजस्व मिला है। जबकि त्योहारी सीजन में सर्वाधिक जमीनों की बिक्री से सरकार को 8530 लाख का राजस्व मिला है। देखा जाए तो बीते सालों के मुकाबले सरकार के राजस्व में करीब 20 : की बढ़ोतरी हुई है।उपनिबंधक दफ्तर हल्द्वानी ने दिवाली पर सरकार के खजाने में अच्छा राजस्व जोड़ा है। उपनिबंधक दफ्तर प्रथम को पिछले 10 माह में 439 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।

## राम के अस्तित्व पर उठाए जाते थे सवाल, हमने हीन भावना की बेड़ियां तोड़ीं: पीएम मोदी



**अयोध्या, एजेंसी।** दिवाली की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेने अयोध्या पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए जाते थे। हमने वो बेड़ियां तोड़ी है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भगवान राम सबका साथ, सबका विकास विश्वास के आधार थे।

इससे पहले प्रधानमंत्री शाम के वक्त अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र स्थल का निरीक्षण कर मंदिर निर्माण का जायजा लिया। इसके बाद पीएम मोदी ने दीपोत्सव कार्यक्रम से पहले अयोध्या में प्रतीकात्मक रूप से भगवान राम का राज्याभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम अयोध्या के डीएनए में हैं।

श्री राम लला के दर्शन और फिर भगवान राम का राज्याभिषेक करने का ये सौभाग्य भगवान राम की पा से ही प्राप्त होता है। यह दीपावली ऐसे समय आई है जब हमने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं। देश को दिवाली की बधाई देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भगवान राम की संकल्प शक्ति भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी पीएम मोदी ने कहा राम किसी को पीटे नहीं छोड़ते। राम कर्तव्य-भावना से मुख नहीं मोड़ते। इसलिए राम भारत की उस भावना के प्रतीक हैं, जो ये मानती है कि हमारे अधिकार हमारे कर्तव्यों से स्वयं सिद्ध हो जाते हैं। पीएम मोदी ने अयोध्यावासियों से कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ जाएगी। ऐसे में अयोध्या स्वच्छ और यहां के लोगों का व्यवहार अच्छा हो यह यहां के लोगों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कितना अच्छा हो कि अयोध्या के नागरिकों का व्यवहार भी अपने आप में मानक बने।पीएम मोदी ने आगे कहा कि अयोध्या विकास की नई ऊंचाइयों को टू रही थी। पहले भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठते थे। आज अयोध्या के विकास पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। पीएम ने कहा- राम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के आधार थे।

दीपावली एवं भैयादूज के शुभ अवसर पर सिद्धबाबा की छांव में निवासित समस्त क्षेत्रवासियों, प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अनिल कंसल
संरक्षकः श्री सिद्धबली मन्दिर समिति
अध्यक्ष श्री सिद्धबली इण्डस्ट्रीज कोटद्वार

# बदरी–केदार दौरे पर पीएम मोदी ने किया धर्म के नाम पर पाखंड का ढोंग : नौटियाल




देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस पौराणिक सांस्कृति संवर्द्धन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य नरेश आनन्द नौटियाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्रीकेदारनाथ–बद्रीनाथ दौरे को धर्म के नाम पर पाखंड करने का अरोप लगाते लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीकेदारनाथ–बद्रीनाथ की यात्रा के दौरान धर्म के नाम पर पाखंड का ढोंग किया है।

देहरादून में राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में आचार्य नरेश आनन्द नौटियाल ने कहा कि मन्दिर समिति के नियमानुसार मन्दिर परिसर में फोटो खिंचवाना तथा लाईव दर्शन करवाना वर्जित है। इसके बावजूद पीएम नरेन्द्र मोदी ने हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने नियम विरूद्ध मन्दिर के आचार्यों को भूमि पर बैठाकर और खुद चौकी पर बैठकर पूजन करवाया गया। जो कि आचार्य परम्परा का उलंघन था। इसे एक प्रकार का आडंबर कहा जायेगा।

आचार्य नरेश आनन्द नौटियाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री केदारनाथ में स्वास्थिक का चिह्न पीठ पर धारण कर बाबा केदार का पूजन किया। इसका लाईव प्रसारण करवाया गया, जो कि नियम ही नहीं धर्म विरूद्ध भी था। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा केरल में कुबेर जी की मूर्ति स्थापित की जाती है। तथा उसके पूजन के विषय में प्रचारित करवाता है तो भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट अपने वक्तव्य में उसे धर्म विरूद्ध बताते हैं। इसी विषय में श्रीबद्रीनाथ के रावल जी भी मन्दिर समिति तथा हक हकूक धारियों से माफी मांगने की मांग करते हैं। वहीं, उनकी पार्टी के सर्वेसर्वा की ओर से हिन्दू मान्यताओं और परम्पराओं को ध्वस्त किया जाता है उनसे कुछ नहीं कहते हैं। इस मौके पर उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी भी उपस्थित थीं।

# अंकिता हत्याकांड, भर्ती घोटाले के दोषियों को कठोर सजा दे सरकार



ऋषिकेश। युवा न्यास संघर्ष समिति का कोयलघाटी में धरना 11वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने अंकिता हत्याकांड के आरोपियों को फांसी देने और भर्ती घोटालों के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। रविवार को कोयलघाटी में युवा न्याय संघर्ष समिति का धरना जारी रहा। आंदोलनकारी सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि धरने को 11 दिन हो गए हैं, लेकिन सरकार का कोई नुमाइंदा अभी तक धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। कहा कि शासन प्रशासन इस धरने को हल्के में ले रहा है। कहा कि अभी तो यह धरना गांधीवादी तरीके से चला रहा है, लेकिन अगर जल्द ही शासन प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो यह धरना उग्र रूप धारण कर लेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। समिति संयोजक अरविंद हटवाल ने कहा कि अगर सरकार द्वारा जल्द अंकिता भंडारी को न्याय और भर्ती घोटाले के दोषियों को कठोर सजा नहीं देगी तो, मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरने दिया जाएगा। समिति सदस्य प्रवीण जाटव ने कहा कि सरकार की चुप्पी से स्पष्ट होता है कि कहीं ना कहीं सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही हैं। जोकि निंदनीय है। सरकार को शीघ्र ही वीआईपी का नाम उजागर कर उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी विमला बहुगुणा, विनोद रतूड़ी, आशुतोष डंगवाल, उमंग देवरानी, लक्ष्मी कठैत, विमला देवी, सरुप देवी, रामेश्वरी चौहान, जन्म देवी रावत, तिरशा तिवाड़ी, जया डोभाल, सर्वेश्वरी कठैत, गुड्डी डबराल, सरोजनी रावत, सरोजनी थपलियाल, भगवती देवी चमोली, हेमा रावत, प्रवीण जाटव, रविन्द्र प्रकाश भारद्वाज, जयेन्द्र रमोला, धर्मेन्द्र गुलियाल, प्रह्लाद, दीपक रतूड़ी, देवी प्रसाद व्यास, जुगल किशोर बहुगुणा, राजेंद्र कोठारी, हरि सिंह नेगी, मनोज कोठियाल, विक्रम भंडारी, कर्ण सिंह पंवार, अमरदीप नेगी, आदित्य झा आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छ सुलभ फाउंडेशन ने बांटे एक हजार लोगों को मिट्टी के दीये

ऋषिकेश। स्वच्छ सुलभ फाउंडेशन ने स्वच्छता वाली दिवाली अभियान के तहत एक हजार लोगों को मिट्टी के दीये बांटे। फाउंडेशन के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ईको फ्रेंडली दिवाली मनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रविवार को नगर पंचायत स्वर्गाश्रम–जौंक के गीताभवन नंबर 4 व 6 सहित बिहारी मोहल्ला, जौंक गांव में रहने वाले लोगों को मिट्टी के दीये बांटे गए। संस्था के स्वयंसेवी विजय शर्मा ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए हम सभी को स्वच्छता वाली दिवाली मनाने की जरूरत है। तभी पर्यावरण का संरक्षण हो सकता है। इसलिए लोग स्वच्छता वाली दिवाली अभियान से जुड़े और संकल्प ले कि इस बार ईको फ्रेंडली दिवाली मनायेंगे और प्लास्टिक से बनी लड़ियों या अन्य चीजों का प्रयोग नहीं करेंगे। इसके बदले मिट्टी के दीयों से, पीपल, अशोक, आम के पत्तों सहित फूलों से घरों को सजाएंगे, तभी हमारा ईको फ्रेंडली दिवाली का संकल्प पूरा होगा। संस्था के निदेशक विजय शंकर राय ने कहा कि संस्था द्वारा लोगों को ईको फ्रेंडली दिवाली के लिए जागरूक किया जा रहा है। मौके पर आचार्य पंडित सुरेश चन्द्र भट्ट, दिनेश भट्ट, संस्था के को–ऑर्डिनेटर एससी राय, बबलू कुमार, भीम थापा, मुकेश पासवान, दुलो सिंह, अनिता मंडल, आशा मंडल, बसंती देवी, गौरव चौधरी, हरीश कुमार, बीरपाल, अमन, विकास पासवान, मनोरंजन पासवान, छबीला पासवान, रामनंदन पास्वान, काजल देवी आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से स्कूर सवार दो घायल

ऋषिकेश। हरिद्वार रोड पर एक प्राइवेट हॉस्पिटल के पास ट्रक की टक्कर से स्कूर सवार दो किशोर घायल हो गए। जिन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। लोगों ने ट्रक चालक को मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह 11 बजे एक प्राइवेट हॉस्पिटल के पास एक ट्रक ने स्कूटर को साइड से टक्कर मार दी।

## हनोल मंदिर में जिशपिशो के साथ पंचपर्व दीपावली की शुरुआत

विकासनगर। बावर क्षेत्र में पांच दिवसीय दीपावली पर्व की शुरुआत रविवार से हो गई। यहां परंपरागत तौर पर दीपावली को त्योहार मनाया जाता है। पंचपर्व के के पहले दिन महासू मंदिर हनोल में जिशपिशो पर्व मनाया गया। इसके साथ ही बावर क्षेत्र के अधिकांश गांवों में दीपावली का उल्लास शुरू हो गया। सोमवार को क्षेत्र में आगीली ओलियाच, मंगलवार को बड़ी ओलियाच, बुधवार को बिरुड़ी मनाई जाएगी। जबकि गुरुवार को हाथी हिरन नृत्य के साथ दीपावली पर्व का समापन होगा। शास्त्री कांतिराम बिजल्वाण ने बताया कि 25 अक्तूबर को शाम तक सूर्य ग्रहण रहेगा, जिसके चलते दिन भर मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे।

# मंत्री ने लोगों और व्यापारियों को दी दिवाली की शुभकामनाएं



ऋषिकेश। कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने क्षेत्र में भ्रमण कर व्यापारियों और आम लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों का हालचाल जाना और चटपटे व्यंजनों का स्वाद भी चखा। रविवार को कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बाजार भ्रमण पर निकले। उन्होंने त्रिवेणी घाट बाजार, मुखर्जी मार्ग, हरिद्वार रोड, लक्ष्मण झूला रोड, गोल मार्केट, लाजपत राय मार्ग आदि क्षेत्रों के बाजारों में स्थानीय व्यापारियों और खरीदारी को पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम जानी। उन्होंने लोगों को दीपावली, गोवर्धन, भैया दूज की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय लोगों द्वारा हाथ से निर्मित दीप भी खरीदे और स्टाफ के साथ गोल गप्पे सहित चटपटे व्यंजनों का स्वाद भी चखा। मौके पर मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की पत्नी शशि प्रभा अग्रवाल, पूर्व दर्जाधारी संदीप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दिनेश सती, महामंत्री सुमित पंवार, जयंत शर्मा, पार्षद शिव कुमार गौतम, रीना शर्मा, प्रदीप कोहली, बृजेश शर्मा, संजय व्यास, व्यापारी नेता मनोज कालरा, ललित जिंदल, राजपाल ठाकुर, रूपेश गुप्ता, रीता गुप्ता, उषा जोशी, सिमरन गाबा, संजय कौशिक, त्रिलोक परमार, रूपेश गुप्ता, विजय बडोनी मस्तु, संजीव सिलस्वाल, दिगंबर नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अवैध कटान मामले में ज्वेलर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर पुलिस ने हरबर्टपुर देहरादून हाईवे किनारे रामपुर कला में आम के हरे भरे बाग में किये गये अवैध कटान के मामले में ज्वेलर्स के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।उद्यान विभाग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ है।रामपुर कला स्थित आम के बाग में शुक्रवार की रात को बड़े पैमाने पर आम के हरे भरे वृक्षों पर आरियां चलाकर बाग को उजाड़ने के लिए पेड़ों का अवैध कटान किया गया। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर तहसील प्रशासन, उद्यान विभाग, वन विभाग व सहसपुर थाना पुलिस ने आम के बाग का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि बाग में आम के भारी भरकम तीस पेड़ ऐसे जो समय समय पर फल देते हैं, उन्हें बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से काट डाला गया है। आरोप है कि आम के पेड़ काटने वाले बाग को उजाड़कर उसमें प्लॉटिंग करने की तैयारी में हैं। इस मामले में तहसीलदार चमन सिंह के निर्देश पर उद्यान निरीक्षक जेडी वर्मा ने सहसपुर थाने में कमल ज्वेलर्स के खिलाफ अवैध कटान करने की तहरीर दी। जिस पर सहसपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया है। थानाध्यक्ष नरेश सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी कमल ज्वैलर्स के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने उड़ायी घर के बाहर खड़ी कार

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र. की एक कालोनी में घर के बाहर खड़ी कार अज्ञात चोर कर फरार हो गए। वाहन चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। घटना शुक्रवार की रात की है। सुमित कुमार कनखल की गुरूबख्श विहार कालोनी में रहते हैं। शुक्रवार की रात वे अपनी ब्रेजा कार को घर के बाहर खड़ी कर अंदर चले गए। रात करीब साढ़े बारह बजे वे घर से बाहर आए तो कार गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो अज्ञात चोरों द्वारा कार चोरी होने की बात सामने आयी। सुमित कुमार ने कार चोरी होने की जानकारी थाना कनखल पुलिस को दी।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेशवासियों की दी दीपावली की शुभकामनाएं



देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रकाश का यह पर्व सबके जीवन में सुख, संपन्नता और सौभाग्य लेकर आए। उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात में बधाई देते हुए कहा ति अंधकार रूपी बुराई को अच्छाई के प्रकाश से पराजित करने का यह त्यौहार उत्तराखंड में छोटी–बड़ी दीपावली समेत इगास के रूप में मनाई जाने वाली बूढ़ी दिवाली जैसी समर्द्ध परंपरा व संस्कृति का हिस्सा है। हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों के साथ भाजपा की ओर से आयोजित दीपावली मिलन समारोह में शिरकत करते हुए महेन्द्र भट्ट ने कहा कि देवभूमिवासियों के लिए सम्पूर्ण कार्तिक मास ही इस दीपोत्सव की रोशनी से दैवीयमान रहता है। हम छोटी दीवाली, बडी दीवाली को उल्लास व उत्साह के साथ पारंपरिक रूप में तो मनाते ही है साथ ही हम बूढ़ी दिवाली को इगास पर्व पर भेलै के माध्यम से रात के अंधेरों को दिन के उजाले में बदलने की सांस्कृतिक क्षमता भी रखते है। इस मौके पर सभी पत्रकारों को शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी हर सुबह, दिन रात व हर पल जानकारी व ज्ञान की रोशनी से भरने में प्रयासरत रहते है जो समाज के लिए आपका दीपोत्सव समान योगदान है।

इस अवसर पर बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय जी ने कहा कि अंधेरे में दीप जलाने का यह पर्व उस संस्कृति का भी प्रतीक है जो हमे सिखलाती है, तमसो मां ज्योतिर्गमय, असतो मां सदगमय। भारतीय परम्परा और भारतीय संस्कृति का यह मूलमंत्र हमे असत्य के अंधेरों से सत्य के उजाले में प्रवेश की प्रेरणा देता है।

# डोईवाला डकैती का एक और आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। डोईवाला में कैबिनेट मंत्री के चचेरे भाई के घर में हुई डकैती में एक और आरोपी डोईवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूर्व में गिरफ्तार एक आरोपी को रिमांड पर लेकर नगदी और गहने बरामद किए। दोनों से कुल साढ़े तीन लाख रुपये नगदी और 11.50 लाख रुपये के गहने बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को रविवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने रविवार को प्रेस वार्ता कर डकैती में हुई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शीशपाल अग्रवाल के घराट रोड, डोईवाला स्थित घर में हुई डकैती में चार आरोपी 19 अक्तूबर को जेल भेज गए थे। उन्होंने बताया कि इसमें आरोपी तहसीम को कोर्ट से तीस घंटे की रिमांड पर लिया गया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर खैल, कांधला, शामली से 15 लाख रुपये कीमत के गहने बरामद किए हैं। वहीं पुलिस डकैती में फरार मोहम्मद रियाज (58) निवासी शाहबुद्दीनपुर, मुजफ्फरनगर को नेपाली फार्म से गिरफ्तार किया गया। उससे पुलिस ने 3.50 लाख रुपये नगदी बरामद की। प्रेस वार्ता में एसपी देहात कमलेश उपाध्याय, सीओ डोईवाला अनिल कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर डोईवाला राजेश साह, दरोगा सुमित चौधरी शामिल रहे।

# दीपावली की खरीददारी के लिए सजे धर्मनगरी के बाजारा



हरिद्वार। दीपावली की खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों के स्वागत के लिए बाजार सज गए हैं। व्यापारियों द्वारा बाजारों में बिजली की भव्य सजावट कर दुकानों को सजाया गया है। बाजारों में दीपावली की रौनक देखते ही बन रही है। लोग बड़ी संख्या में शॉपिंग के लिए घरों बाजारों में पहुंच रहे हैं। हरिद्वार, ज्वालापुर, कनखल, खड़खड़ी और मध्य हरिद्वार क्षेत्र में खरीदारी करने वालों की अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है। भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की ओर से ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। बाजारों में जीरो जोन बनाए गए हैं और सिर्फ दो पहिया वाहनों को ही बाजारों में जाने दिया जा रहा है। दीपावली के अवसर खरीददारी के सबसे अधिक भीड़ ज्वालापुर के बाजारों में पहुंचती है। हरिद्वार, कनखल, उत्तरी हरिद्वार के अलावा आसपास के गांवों से भी लोग खरीददारी करने ज्वालापुर के बाजारों में ही पहुंचते हैं।

# सपा नेताओं ने सैफई पहुंचकर दी स्व.मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि



हरिद्वार। सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, आस्तिक यादव, महंत शुभम गिरी एवं चमन यादव आदि ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पैतृक गांव सैफई जाकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके समाधि स्थल पर बद्रीका तुलसी का पौधा रोपा।

साथ ही स्व.मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बद्रीका तुलसी के पौधे भेंटकर स्व.मुलायम सिंह यादव के आवास पर भी पौधे लगाने का अनुरोध किया। इस दौरान चंद्रशेखर यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव भारतीय राजनीति के युगपुरूष थे।

उन्होंने अत्यन्त विषम परिस्थितियों में सपा का गठन कर समाज के शोषित वंचित तबके की आकांक्षाओं को आवाज दी, उनके हितों के लिए संघर्ष किया। महंत शुभम गिरी ने कहा कि स्व.मुलायम सिंह यादव ने हमेशा किसान, मजदूर, गरीब, शोषित वर्ग के लिए आवाज उठायी।

# बंदी के दौरान भी लोगों को रोजगार प्रदान करती है मां गंगा



हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में आम कहावत है कि मां गंगा सबको रोजी रोटी प्रदान करती है। यह केवल कहावत नहीं बल्कि सच्चाई है।

घाटों पर कलकल बहती गंगा ही नहीं बल्कि वार्षिक बंदी के दौरान भी गंगा लोगों को रोजगार प्रदान करती है। हरिद्वार में प्रतिवर्ष साफ सफाई के लिए गंगा बंद की जाती है। दशहरे से दीपावली तक वार्षिक गंगा बंदी के दौरान हजारों लोग सुखी गंगा में सिक्के, सोना चांदी व अन्य कीमती धातु बीनकर रोजगार चलाते हैं। स्थानीय भाषा में गंगा में सिक्के बीनने को गंगा ढूंढना कहा जाता है। पूरे वर्ष देश वर्ष से आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा सिक्के, सोना चांदी आदि चढ़ावे के रूप में मां गंगा को अर्पित किया जाता है। गंगा बंदी के दौरान हजारों लोग इसी चढ़ावे को बीनकर रोजी रोटी का इंतजाम करते हैं। हरिद्वार आने वाले अधिकांश श्रद्धालु हरकी पैड़ी पर ही गंगा स्नान करते हैं और आरती में भाग लेते हैं।

## धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

विकासनगर। पछुवादून में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगह–जगह हनुमान चालीसा और सुंदर कांड पाठ किया गया। हनुमान जी को भोग चढ़ाया गया। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। हुनद्धाम में सुबह साढ़े सात बजे हनुमान चालीसा के ग्यारह पाठ किए गए।

गुडरिच हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु सुंदकांड का पाठ करने के लिए पहुंचने शुरु हो गए थे। बालाजी धाम झाझरा में हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का पाठ किया गया। सभी मंदिरों में हनुमान जी को लड्डू का भोग चढ़ाया गया।

# तीर्थनगरी में धनतेरस पर जमकर बरसा धन



ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में रविवार को धनतेरस पर धन लक्ष्मी की बरसात हुई। सोने, चांदी के आभूषण के साथ लोगों ने बर्तनों की जमकर खरीदारी की। कारोबारियों ने एक दिन में करीब 5 करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल से 40 प्रतिशत ज्यादा है। दुकानों में ग्राहकों के उमड़ने और खरीदारी करने पर व्यापारियों के चेहरे खिले रहे। ऋषिकेश शहर में ज्वेलरी का कारोबार पुराना भरत मंदिर रोड, झंडा चौक और घाट रोड पर हैं। जहां कतार से एक के बाद एक ज्वलेरी शॉप और शोरूम हैं। रविवार को धनतेरस पर इन दुकानों और शोरूम में सुबह से ही भीड़ रही। लोगों ने चांदी की गणेश और लक्ष्मी जी की मूर्तियां और सिक्के के साथ सोने के आभूषण भी खरीदे, जिससे कोरोना से प्रभावित सर्राफा कारोबार में तेजी रही। देर शाम तक भी ज्वेलरी और बर्तनों की दुकानों में भीड़ नजर आयी।

## रंगोली प्रतियोगिता में इशिता ग्रुप रहा अव्वल

**कोटद्वारः** दीपावली के अवसर पर क्षेत्र के विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं ने रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जानकी नगर स्थित हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिरमें बच्चों को दीपावली के प्रेरक प्रसंग व संबधित घटनाओं के माध्यम से प्रेरित किया गया। एस डी के डी एजुकेशन एकेडमी पदमपुर में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में इशिता ग्रुप प्रथम, हिमानी कंडवाल ग्रुप दूसरे और निकिता ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित क्रेडिल प्ले पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य रेणुका गुसाई ने बच्चों को दीपावली पर जानकारी दी। इस अवसर पर रंगोली, मेहंदी व दीया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रिया भंडारी व पुष्कर सिंह ने पहला, नीलम एवं दिया ने दूसरा और आशीष सिंह रावत व मंजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पटाखों के बढ़े दाम, ढीली करनी पड़ रही जेब

## दीपावली त्योहार पर इस वर्ष दोगुने हुए पटाखों के दाम

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** दीपावली त्योहार पर इस वर्ष पटाखों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकांश पटाखों के दाम दोगुने हो गए हैं। ग्राहक अपने बजट के मुताबिक ही पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं। पटाखा दाम बढ़ने के पीछे कच्चे माल का महंगा होना बताया जा रहा है। हालांकि जिस तरह से दीपावली को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है उससे पटाखा व्यापारियों को बेहतर व्यापार की उम्मीद है।

24 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाना है। इसको लेकर दो दिन पहले से कोटद्वार के नजीबाबाद रोड व सिताबपुर रोड में पटाखा बाजार सज चुका है। इस वर्ष बाजार में पटाखों की अलग–अलग वैरायटी उपलब्ध है। लेकिन, पटाखों की खरीदारी करने के लिए आमजन को अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। अधिकांश पटाखों के दामों में तीस से चालीस फीसद तक बढ़ोत्तरी हुई है।

पिछले वर्ष 120 रुपये का मिलने वाला अनार बम का पैकेट इस वर्ष 170 से दो सौ रुपये तक पहुंच गया है। जो पटाखों का पैकेट पांच सौ रुपये का था, वह अब सात सौ रुपये में बिक रहा है। ऐसे ही अलग–अलग कंपनी के पटाखों के दामों में उछाल आया है। पटाखा व्यापारी मोहन सिंह, राघव कुमार ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में कच्चे माल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जिसका असर इस वर्ष पटाखा व्यापार पर भी देखने को मिल रहा है। लेकिन, दीपावली को लेकर आमजन में काफी उत्साह है। इसलिए उन्हें बेहतर व्यापार की उम्मीद है।

### ये पटाखे मौजूद हैं बाजार में

**पटाखों के नाम**

गुर्जा छाप
अनार
रस्सी बम
रस्सी बम बड़ा साइज
फुलझड़ी छोटे पैकेज
फलझड़ी बड़ा पैकेज
रॉकेट मीडियम साइज
रॉकेट फुल साइज
अनार फल साइज

### थ्रीडी स्काई कोपटर पटाखा 25सेकेंड तक चलेगा

पटाखों के स्टालों पर थ्रीडी स्काई कोपटर पटाखा भी आया है। यह पटाखा आकाश में 25 से 30 सेकेंड तक जलता हुआ दिखाई देगा। आकाश में जलने वाला रंग-बिरंगा पटाखा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। दीपावली पर पटाखों को लेकर सबसे अधिक उत्साह बच्चों व युवाओं में बना हुआ है।



कोटद्वार के नजीबाबाद रोड में लगी पटाखों की दुकान में खरीदारी करते ग्राहक।

# छोटी दीपावली पर भी खूब हुई खरीदारी, बनी रही रौनक

## धनतेरस के बाद भी बाजार में बनी रही ग्राहकों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** धनतेरस के अगले दिन छोटी दीपावली पर भी कोटद्वार बाजार में खूब रौनक बनी हुई थी। लोगों ने बाजार पहुंचकर खरीदारी की। लगातार बढ़ रही ग्राहकों की भीड़ को देख व्यापारियों के चेहरे खिल उठे।

### एक दूसरे को बांटे उपहार

छोटी दीपावली पर लोगों ने एक दूसरों को उपहार भेंट किए। लोगों ने अपने नाते-रिश्तेदारों के घर पहुंचकर उन्हें मिठाईयां दी। शहरवासियों में दीपावली त्योहार को लेकर उत्साह बना हुआ है। लोग नए कपड़े पहनकर बाजार में घूम रहे थे। वहीं, सिद्धबली मंदिर में भी दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। बाबा का आर्शीवाद लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। साथ ही मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

कोटद्वार में दूसरे दिन भी धनतेरस की रौनक दिखाई दी। लोगों ने बाजार में पहुंचकर खूब खरीददारी की। यही भीड़ अगले दिन छोटी दीपावली पर भी दिखाई दी। लोगों ने बाजार पहुंचकर कपड़ों के साथ ही मिठाईयां खरीदी। बाजार की हर दुकान ग्रहाकों से खचा-खच भरी हुई थी।

व्यापारियों की ओर से दूसरे दिन भी सामानों पर आकर्षक छूट दी जा रही थी। यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पुलिस को भी काफी पसीना बहाना पड़ा। हालांकि रूट डायवर्ट होने के कारण बाजार में जाम की अधिक स्थिति नहीं दिखाई दी।



कोटद्वार बाजार में छोटी दीपावली पर उमड़ी लोगों की भीड़।

## 75 वर्षीय बुजुर्ग हुई लापता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** तहसील पौड़ी के खौलाचौरी गांव निवासी एक 75वर्षीय बुजुर्ग महिला बीते 21 अक्टूबर से घर से लापता है। परिजन बुजुर्ग महिला को गुलदार का निवाला बनाए जाने का अंदेशा जता रहे हैं। परिजनों ने बुजुर्ग महिला की प्राथमिकी राजस्व पुलिस में दर्ज कराई है।पौड़ी तहसील के नायब तहसीलदार हरेंद्र सिंह खत्री ने बताया कि खौलाचौरी गांव से 75 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला घर से लापता हो गई। लापता बुजुर्ग महिला की सूचना उसके बेटे कुलवीर सिंह ने राजस्व पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि उनकी मां सतेश्वरी देवी पत्नी तारा सिंह बीते 21 अक्टूबर को घर से लापता हो गई। बताया कि बुजुर्ग की आसपास के गांव आदि जगहों पर काफी ढूंढखोज की गई। लेकिन बुजुर्ग को कोई सुराग नहीं लगा। इस पर बेटे कुलवीर सिंह ने रविवार की सुबह ही राजस्व पुलिस को तहरीर दी। परिजनों ने बुजुर्ग को गुलदार का निवाला बनाए जाने का भी अंदेशा जताया है। कहा कि क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता को देखते हुए इस प्रकार की घटना घट सकती है।

## कापड़ गांव में चोरों का आतंक, ताले तोड़ उड़ाया सामान व नगदी

**कोट ब्लॉक के कापड़ गांव में चोरों ने तोड़े आठ प्रवासियों के घरों के ताले**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** कोट ब्लाक के कापड़ गांव में चोरों ने 8 प्रवासी ग्रामीणों के घरों के ताले तोड़ चोरी की घटना का अंजाम दिया है। इसके अलावा चोरों ने गांव के भगवती ज्वाल्पा देवी मंदिर के दानपात्र से नकदी पर भी हाथ साफ कर लिया। राजस्व पुलिस ने ग्राम प्रधान की शिकायत पर चोरी की धारा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर ली है। वहीं क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य ने डीएम से मामले की जांच रेगुलर पुलिस को सौंपने की मांग की है।

कोट ब्लाक के कापड़ गांव में बीते 21 अक्तूबर की रात चोरों ने 8 प्रवासी ग्रामीणों के घरों के ताले तोड़ दिए। साथ ही गांव के ज्वाल्पा देवी मंदिर के दानपात्र से नकदी पर भी हाथ साफ कर लिया। ग्राम प्रधान ने गांव में चोरी की शिकायत राजस्व पुलिस से की। राजस्व पुलिस ने मामले में चोरी की धारा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजस्व उप निरीक्षक प्रवीण सिंह रावत ने बताया कि कापड़ गांव में 8 प्रवासी ग्रामीणों के घरों के ताले तोड़े गए हैं। जिसमें से पांच परिवार घटना के बाद गांव वापस लौट आए हैं। उन्होंने बताया कि एक परिवार ने घर से 20 से 21 हजार की चोरी की बात कही है। जबकि चार परिवारों ने ताला टूटने की बात कही है, लेकिन चोरी से इनकार किया है। बताया कि तीन प्रवासी ग्रामीणों से संपर्क कर चोरी को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

## रूचि को मिला अभिनय विचार पुरस्कार

**पौड़ी।** उत्तराखण्ड पुलिस वाईफ्स वेलफेयर एसोशिएशन की अध्यक्ष डा. अलकनन्दा अशोक की पहल पर पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाए जाने को लेकर उनके द्वारा तैयार किए गए हस्त निर्मित उत्पाद, सामग्री को एक मंच प्रदान करने के लिए पुलिस लाइन देहरादून में तीन दिवसीय दीपावली वेलफेयर मेले में एसएसपी पौड़ी की पत्नी प्रियंका चौहान के पर्यवेक्षण में महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी महिला उपनिरीक्षक टीना रावत के नेतृत्व में पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे हस्तनिर्मित उत्पादों से संबंधित इस्टॉल लगाए गए। इस दौरान रूचि देवी पत्नी सुनील कुमार रिर्जव पुलिस लाइन पौड़ी को बेहतरीन हस्त निर्मित उत्पाद के लिए अभिनय विचार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एसएसपी पौड़ी यशवंत सिंह चौहान ने उपवा पौड़ी टीम को बधाई देते हुये भविष्य में भी इसी तरह मेहनत, लगन से हस्तनिर्मित उत्पाओं का उत्पादन कर आर्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया।

## एवीएन स्कूल ने जीता क्रिकेट का फाइनल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** तल्ला मोटाढ़ाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल की ओर से आयोजित स्व. राजेश भारद्वाज स्मृति अंर्तविद्यालयी टूर्नामेंट का समापन हो गया है। ए वी एन स्कूल ने फाइनल मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम की।

शनिवार को ए वी एन स्कूल और बलूनी पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच खेले गए प्रतियोगिता के फाइनल में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बलूनी पब्लिक स्कूल ने निर्धारित ओवरों में 115 रन बनाए। जवाब में ए वी एन स्कूल की टीम ने 4 गेंद शेष रहते ही 116 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता के अंत में बलूनी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने दोनों टीमों को पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रतियोगिता संयोजक अभिलाषा भारद्वाज सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी।

## भागवान राम के चरित्र का किया मंचन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः दीपावली के अवसर पर नवयुग पब्लिक स्कूल में भगवान राम के जीवन चरित्र पर आधारित रामलीला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने लीला के पात्रों का बेहतरीन अभिनय प्रस्तुत किया।दीपावली के अवसर पर नवयुग पब्लिक स्कूल में भगवान राम के जीवन चरित्र पर आधारित रामलीला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने लीला के पात्रों का बेहतरीन अभिनय प्रस्तुत किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित लीला का आरंभ प्रधानाचार्य नीलम नेगी,संस्थापक हुकुम सिंह नेगी व प्रबंधक दिनेश नेगी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

# पिता की आज्ञा मान वन को गए राम

## दुगड्डा के डाडामंडी में आयोजित रामलीला का चौथा दिन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** दुगड्डा ब्लाक के ग्राम पंचायत झटरी के अंतर्गत डाडामंडी रामलीला में आयोजित रामलीला के चतुर्थ दिवस पर अवधपुरी में माता सीता सहित चारों बहुओं का नगर प्रवेश तत्पश्चात राजा दशरथ द्वारा राम को युवराज बनाने की घोषणा करना, मंथरा का प्रपंच, रानी कैकई का कोप भवन में जाकर राजा दशरथ से दो वर मांगना और राजा दशरथ का मूर्छित होना और प्रभु राम द्वारा सहर्ष पिता आज्ञा मान वन गमन तक की लीला का सफल मंचन किया गया।

चतुर्थ दिवस की लीला का उद्घाटन समाजसेवी शशिदेव डोबरियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कोटद्वार के अधिकारियों ने रामलीला मंच से सतर्कता जागरुकता सप्ताह के संबध में जानकारी दी। रामलीला प्रारंभ होने से पूर्व महिला सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत कीर्तन मंडली मटियाली द्वारा कीर्तन भजन किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष खुशीराम बलोदी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र रावत, मंच संचालक हनुमान रावत और राकेश देवरानी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



डाडामंडी में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार।

# दीपावली पर घर जाने वालों की भीड़, बस के लिए मारामारी

## दूरस्थ क्षेत्रों के लिए वाहन नहीं मिलने के कारण परेशान रहे अधिकांश यात्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दीपावली पर्व पर घर जाने के लिए बसों में भीड़ उमड़ने लगी है। दिल्ली से खचा-खच भरकर आ रही बसों में अधिकांश लोग पहाड़ में अपने गांव जा रहे हैं। त्योहार सीजन में अचानक बढ़ी यात्रियों की संख्या से जीएमओयू व मैक्स संचालकों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं, कई दूरस्थ रूटों पर बस नहीं मिलने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सोमवार को दीपावली का त्योहार मनाया जाना है।

ऐसे में दिल्ली सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों में रोजगार करने वाले युवा त्योहार में छुट्टी लेकर अपने गांव लौट रहे हैं। दिल्ली से कोटद्वार पहुंच रही सभी बसें यात्रियों से भरी हुई नजर आ रही है। कोटद्वार से पहाड़ जाने वाली बसों में सीट के लिए मारामारी हो रही है। रिखणीखाल निवासी सोहन सिंह ने बताया कि वह दिल्ली से सुबह सात बजे कोटद्वार बस अड्डे पर पहुंच गए थे। लेकिन, दस बजे तक भी उन्हें कोई वाहन नहीं मिल पाया है। जो भी वाहन रिखणीखाल को निकल रहे हैं उनमें सीट तक नहीं थी।

ऐसे ही कई यात्री पूरे दिन बसों की तलाश में इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। सबसे अधिक परेशानी परिवार के साथ आने वाले यात्रियों को उठानी पड़ी। यात्रियों की बढ़ी भीड़ को देखते हुए रोडवेज व जीएमओयू ने कई रूटों पर अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया।



कोटद्वार में बस की तलाश में खड़े यात्री

## मिट्टी के दियों की खूब हुई बिक्री

श्रीनगर, गढ़वालः दीपों के पर्व दीपावली पर इस बार लोग मिट्टी के दीये खूब खरीददारी करते दिखाई दिये। श्रीनगर के गोला बाजार से लेकर अन्य स्थानों पर मिट्टी के दीये बेच रहे फड़ विक्रेताओं ने बताया कि पिछले सालों की मुकाबले इस बार लोग मिट्टी के दिये ज्यादा खरीदते हुए दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि दिये को लेकर समाज में फैली जागरूकता के कारण ही आज लोग पुरानी परम्परा के अनुसार दियों की खरीददारी करते हुए दिखाई दिये। किसी भी मोल–भाव के लोग दिये खरीदते दिखे।दिवाली पर श्रीनगर बाजार में रौनक देखने को मिली। त्योहार को खास बनाने के लिए रविवार को हर कोई घर में नया सामान लाने के लिए खरीदारी में जुटा नजर आया। ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानदारों ने एक से एक स्कीम, ऑफर और छूट पेश किए गए हैं। श्रीनगर के गोला पार्क, गणेश बाजार, काला रोड़, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग सहित अन्य जगहों पर लोगों की बड़ी संख्या में चहल पहल दिखाई दी। आम दिनों की अपेक्षा अतिरिक्त दुकानें भी सजाई थीं। लोगों ने मोमबत्ती, दीये, झालर, फूल, श्रीगणेश–लक्ष्मी की मूर्ति, कुबेर की मूर्तियां, खील, बताशे, उपहार और अन्य सजावट का सामान और मिठाइयां खरीदीं। इसके अलावा कपड़े दुकानों आदि पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई। वहीं व्यपारियो का कहना है कि दो वर्षों के कोरोना के बाद बाजारों में रौनक देखने को मिली है।

## रात्रि चेकिंग के दौरान तमंचा व चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार



काशीपुर। पैगा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को एक तमंचा व चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब दोनों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। शनिवार की देर शाम पैगा चौकी प्रभारी विजय सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान कनैडियन फैक्ट्री के पास दो संदिग्ध युवक घूमते हुए दिखाई दिए। जिनको पुलिस टीम ने चेकिंग के लिए रोक लिया। चेकिंग के दौरान एक के पास तमंचा व दूसरे के पास चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में एक ने अपना नाम बलविंदर सिंह उर्फ सोनू पुत्र दर्शन सिंह निवासी कटैय्या व दूसरे ने अपना नाम मंजीत सिंह पुत्र दरबारा सिंह निवासी भाटीखेड़ा थाना टांडा जनपद रामपुर बताया। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसआई विजय सिंह ने बताया कि संदिग्धों के खिलाफ प्रतिदिन अभियान चलाया जाता है। इसी दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया गया था।

## रोडवेज स्टेशन में यात्रियों को भीड़

हल्द्वानी। दिवाली में दिल्ली देहरादून से यात्रियों की भीड़ आना जारी है।

रविवार को भी सुबह तड़के से दिल्ली नोएडा, गाजियाबाद, देहरादून, लखनऊसे यात्रियों का आना जारी रहा। सुबह तड़के यात्रियों को पर्वतीय रूट की बसें मिली लेकिन 10 बजे बाद से वाहनों का संकट शुरू हो गया। लोग टैक्सियों की सेवा लेने को मजबूर दिखे। इसके अलावा स्टेशन पर बरेली व टनकपुर के यात्री घंटो से बसों के इंतजार में खडे रहे।

डिपो इंजार्ज इंदिरा भट्ट ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को यूपी की रोडवेज की बसें मिल रही हैं।

# मोमबत्ती से ज्यादा मिट्टी के दीयो की रही डिमांड

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में इस बार धनतेरस और दिवाली पर मोमबत्ती से अधिक मिट्टी के दीये की डिमांड रही। बरेली के एक ही परिवार के चार सदस्य अब तक 20 हजार से अधिक मिट्टी के दीये बेच चुके हैं। इस बार लोगों में भी मोमबत्ती से अधिक मिट्टी के दीये खरीदने का क्रेज बढ़ रहा है।

अल्मोड़ा के बाटा चौक पर बरेली निवासी परवेश अपने छह साथियों के साथ मिट्टी के दीये बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के चार लोग 40 हजार मिट्टी के दीये लेकर अल्मोड़ा 20 अक्तूबर को पहुंच गये थे। बताया कि बाजार के अलग–अलग स्थानों में उन्होंने दीये के फड़ लगाये हैं। बताया कि



लोगों में मिट्टी के दीये को लेकर काफी क्रेज दिख रहा है। भारी संख्या में लोग दीये खरीदने पहुंच रहे हैं। इसमें खुद मिट्टी से दीये तैयार करने वाले शिल्पियों को भी लाभ मिल रहा है।

# लोहाघाट में नेकी की दीवार का शुभारंभ



पिथौरागढ़। नगर लोहाघाट के मीना बाजार में नेकी की दीवार का शुभारंभ हो गया है। जिसमें विभिन्न सामाजिक व राजनीति संगठनों के लोगों ने प्रतिभाग किया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजू गड़कोटी की पहल पर बीते 6 वर्षों से नेकी की दीवार के माध्यम से समाज के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया जाता आ रहा है। रविवार को हरगोविंद बोरा ने इसका शुभारंभ किया। शिक्षाविद लक्ष्मण सिंह मेहता ने इस पहल को सराहा। पूर्व भाजपा महामंत्री नवीन बोहरा ने इसे जन–जन से इस मुहिम में सहयोग करने को कहा। गड़कोटी ने लोगों ने साफ–सुथरे गर्म कपड़े जो कि उनके उपयोग के ना हो उन्हें नेकी की दीवार के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए कहा।

इस मौके पर सभासद दीपक साह,भास्कर गड़कोटी, बसंत गड़कोटी रहे।

## रानीखेत में दिवाली से पूर्व अग्निकांड, दुकान सामान सहित जलकर राख

अल्मोड़ा। छोटी दिवाली से पूर्व शनिवार देर रात रानीखेत के कीलघर मोहल्ले में हुए अग्निकांड में एक दुकान में भीषण आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया।

दुकान में रखे गए सिलेंडर फटने से बेकाबू हुई आग ने पास खड़ी मारुति वैन को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वैन भी आंशिक रूप से जल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। नगर के लोअर मालरोड में कीलघर के पास स्थित ऐरोली गांव निवासी आनंद सिंह बिष्ट की दुकान में शनिवार की देर रात करीब 11.30 बजे अचानक आग भड़क उठी।

## कलाकारों की मधुर प्रस्तुति के साथ खालगढा महोत्सव का समापन

पिथौरागढ़। लोहाघाट में खालगढा में सीमा क्षेत्रीय दीप महोत्सव का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया है। महोत्सव की आखिरी शाम देव भूमि जागरण समिति झूलाघाट के नाम रही। महोत्सव समिति अध्यक्ष माधो सिंह अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिप. अध्यक्ष ज्योति राय रहीं। उन्होंने महोत्सव को भव्य रुप देने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। झूलाघाट के कलाकारों ने मां भगवती की स्तुति के साथ किया। उन्होंने हिरदा हिरदा मोके ले भेंट,मेरी चैलि गै ससुराल, क्रीम पौडर घिसनी किले ना की प्रस्तुति देकर दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मन मोहक प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रकाश राय,मोहन पाटनी रहे। महोत्सव समिति के अध्यक्ष अधिकारी ने बताया कि आने वाले वर्षों में महोत्सव को भव्य रुप दिया जाएगा। इस मौके पर समिति उपाध्यक्ष और ग्राम प्रधान संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता अधिकारी, पुष्पा पाठक, चांद बोहरा, मोहित पांडेय, कमल पांडेय, हयात सिंह बोहरा, कमला भट्ट, मनीष भट्ट, हुकुम सिंह, लक्ष्मण दत्त भट्ट,मदन कलौनी, दीपक जोशी आदि रहे।

### शिक्षक गिरफ्तार

काशीपुर। एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है । जसपुर क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि उसकी 15 वर्षीय बेटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 में पढ़ती है। आरोप है कि बीती 17 अक्तूबर को विद्यालय के अध्यापक राजपाल सिंह निवासी शिवगौरी विहार थाना काशीपुर ने उसकी पुत्री को बहाने से कमरे में बुलाया ।

# षडयंत्र के तहत कोई अप्रिय घटना कभी भी होने की आशंका : बसंती देव

बागेश्वर। बागेश्वर जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने नगर पालिकाध्यक्ष हत्याकांड की पुनरावृत्ति जिला पंचायत में होने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि जिस तरह पूर्व में नगर पालिकाध्यक्ष रमेश जौहरी की हत्या पालिका कार्यालय में हुई थी, उसी तरह का षडयंत्र उनके कार्यालय में भी रचा जा रहा है। कई सदस्यों के पति और रिश्तेदार पंचायत परिसर में आते रहते हैं। बार–बार झूठे आरोपों का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित करते हैं। वे लोगों को उकसाते हैं और इससे षडयंत्र के तहत कोई भी अप्रिय घटना जिलापंचायत कार्यालय में हो सकती है। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में जिपं अध्यक्ष ने यह आशंका जताई है। उनका कहना है कि 21 अक्तूबर को जिला पंचायत की सामान्य बैठक हुई थी। कुछ सदस्यों ने बजट को लेकर विरोध किया। बाद में नियमानुसार बजट पास हो गया। बैठक के बाद नौ सदस्य और वह खुद सदन से बाहर चली गईं। कुछ समय बाद उन्हें जानकारी मिली की उपाध्यक्ष नवीन परिहार, सदस्य गोपा देवी, इंद्रा परिहार, पूजा आर्या आदि ने अपर मुख्य अधिकारी राकेश कुमार, वित्तीय परामर्शदाता शैलेंद्र बुटोला, प्रशासनिक अधिकारी हरीश गड़िया और लेखाकार जय जोशी को अंदर ही दरवाजा बंद कर बंधक बना लिया है। सदन में जोर–जोर से चिल्लाने की आवाज आ रही थी। अंदर कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए उन्होंने उप जिलाधिकारी को फोन से सूचना दी। एसडीएम के निर्देश पर कोतवाल तथा सीओ दल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभागार का दरवाजा खोलने का अनुरोध किया। बहुत कठिनाई से दरवाजा खोला गया। पुलिस ने बहुत ही शालीनता से बंधक कर्मचारियों और अधिकारियों को बाहर किया। किसी तरह की धक्का–मुक्की और दुर्व्यवाहर पुलिस ने नहीं किया। उपाध्यक्ष समेत सदस्य मीडिया में अनर्गल बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करते रहे। पुलिस के खिलाफ अनावश्यक बयानबाजी कर सरकार की छवि खराब करने में लगे रहे। उपाध्यक्ष नवीन परिहार, गोपा आदि ने अन्य सदस्यों को भी उत्तेजित कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है, वे अन्य सदस्यों को कुछ कर गुजरने के लिए उकसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह की गतिविधियों ने पूर्व में नगर पालिकाध्यक्ष रमेश जौहरी की पालिका कार्यालय में षडयंत्र के तहत हत्या कर दी गई थी। ऐसा ही प्रयास जिला पंचायत में भी करने का प्रयास विरोधियों द्वारा किया जा रहा है। विपक्षीय सदस्यों के पति तथा अन्य रिश्तेदार जिला पंचायत में आकर संतुष्ट लोगों को भी उकसा रहे हैं । बार–बार झूठे आरोप का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, इस षडयंत्र के तहत कोई अप्रि घटना कभी भी होने की आशंका हैं। उन्हांने जिलाधिकारी से भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

## प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने को जागरुक किया

चम्पावत। एलिट चिल्ड्रन एकेडमी बाराकोट में दीपावली पर भाषण, ऐपण और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान नौनिहालों को प्रदूषण रहित दीपावली मनाने के लिए जागरुक किया गया। स्कूल प्रबंधक राजेंद्र गड़कोटी और प्रधानाचार्य चन्द्रभानु के दिशा निर्देशन पर आयोजित कार्यक्रम में नौनिहालों को दीपावली के महत्व को बताया। उन्होंने हरियाली बरकरार रखने के लिए पटाखे रहित दीपावली मनाने के लिए जागरुक किया। भाषण प्रतियोगिता में बृजेश जोशी, अदिति, अंतिका विजेता बनीं। रंगोली प्राथमिक वर्ग में कनक, उच्च प्राथमिक में रोहित, माध्यमिक में तनुजा पहले स्थान पर रहीं। ऐपण में कामाक्ष्या, दिया सजावट में कनक व अंशिका, चित्रकला में नक्षत्र प्रथम स्थान पर रहे।



## गरीब लोगों को बांटे कंबल

बागेश्वर। पर्वतीय वेलफेयर सोसायटी ने जरूरतमंद बेसहारा अनाथ बच्चों को ठंड से बचाव का सामान बांटा। दीपावली सामाग्री साथ में ठंड से बचने के लिए कंबल भी बांटे। सोसायटी के कार्यक्रम में सीओ अशोक कुमार परिहार, एसओ प्रताप सिंह नगरकोटी, समाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश ऐठानी, समाजिक कार्यकर्ता रमेश सिंह गढ़िया, सोसायटी के प्रबंधक चंदन ऐठानी, हेमा कपकोटी, तनवी देव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सभासद तनुज तिरूवा ने किया।

# शिक्षा व सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान पर अल्मिया सम्मानित



बागेश्वर। शिक्षा और सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सिविल सोसायटी ने इंटर कॉलेज गागरीगोल के सेवानिवृत प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया को सम्मानित किया।

गरुड़ में आयोजित सम्मान समारोह में सिविल सोसायटी के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी ने कहा कि शिक्षा में अल्मिया ने उत्कृष्ट योगदान देकर क्षेत्र के होनहारों को मंजिल तक पहुंचाया। संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान सिविल सोसायटी के अध्यक्ष उमाशंकर भाकुनी, गोपाल दत्त भट्ट, हरी दत्त जोशी, जीवन चंद्र दुबे, मोहन चंद्र कंसेरी, कैलाश चंद्र जोशी, जावेद सिद्दकी, लक्ष्मी दत्त पांडे, मोहन जोशी, सुरेंद्र वर्मा, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## मेडिकल कॉलेज में 2 नवबंर को विभिन्न पदों के लिए होगा साक्षात्कार

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों के विभिन्न रिक्त पदों पर कवायद शुरू कर दी है। कॉलेज प्रशासन की ओर से रिक्त पदों पर दो नवंबर को साक्षात्कार होगा।

प्रथम नवीनीकरण के साथ ही अब मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में दूसरे सत्र को लेकर तैयारी तेज हो गई है।

स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही प्रशासन रिक्त पदों को भरने की तैयारी कर रहा है। इससे कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों समेत वहां उपचार को पहुंचने वाले मरीजों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। प्राचार्य डॉ. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि रिक्त पद संविदा के आधार भर जाएंगे।

# गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में 15 दिवसीय दीपावली मेला शुरू

रुद्रपुर। बंदीछोड़ दिवस यानि दीपावली के अवसर पर गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम सोमवार यानी आज से प्रारंभ होंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक रणजीत सिंह ने बताया कि 24 से 26 अक्तूबर तक धार्मिक दीवान सजेगा। 24 व 25 अक्तूबर को भंडारा साहिब में अमृत संचार कार्यक्रम आयोजित होगा। इधर, गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में रविवार से 15 दिवसीय मेला शुरू हो गया है। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब को बिजली की झालरों से सजाया गया है। यातायात व्यवस्था के लिए सुनखरी मार्ग, टीआरसी मार्ग, पेट्रोल पम्प, गुरुद्वारा मार्गों में बैरियर लगाए गए हैं। मेला परिसर में संदिग्धों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। मेला परिसर में दुकानें सजी हैं। मनोरंजन के साधन व झूले स्थापित किए हैं। यहां पुलिस, पीएसी, फायर सर्विस, टीयर गैस दल, तैराकी दल, यातायात



पुलिस की तैनाती है।

**मेले को सफल बनाने में सहयोग की अपील**

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यालय नानकमत्ता परिसर में रविवार को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं झूले, बिजली, वाहन पार्किंग आदि के ठेकेदारों व व्यपारियों के साथ दीपावली मेले को लेकर अफसरों की बैठक आयोजित हुई। इसमें 15 दिवसीय दीपावली मेले में एक–दूसरे से समन्वय बनाकर मेले को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग देने की अपील की गई। संपूर्ण मेला क्षेत्र में बिजली के ठेकेदार व विद्युत विभाग नानकमत्ता को हिदायत दी गई कि बिजली के तारों को जमीन पर खुला नहीं छोड़ेंगे। कार पार्किंग ठेकेदारों को बताया गया कि वाहनों के लिए बनी हुई निश्चित पार्किंग में ही वाहनों को पार्क कराएंगे। यदि मेला क्षेत्र में किसी भी बाहर से आए हुए व्यापारियों, श्रद्धालुओं, मेला भ्रमण पर आए लोगों का स्वास्थ्य खराब हो जाए तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग उन्हें उपचार देगा। इसके अलावा एक अतिरिक्त एम्बुलेंस रिजर्व रखने को कहा गया है।

# एसएसजे विवि की भर्तियों में गड़बड़ी के आरोपों की जांच की मांग

अल्मोड़ा। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने एसएसजे विवि में भर्तियों में धांधली का आरोप लगाते हुए रविवार को भनोली तहसीलदार बरखा जलाल के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई। हालांकि विवि प्रशासन इससे पूर्व ही स्पष्ट कर चुका है कि जो भी भर्तियां हुई हैं वह नितांत अस्थाई हैं। विवि प्रशासन के मुताबिक भर्तियों के लिए सभी मानकों का पालन किया गया है। एनएसयूआई के प्रदेश महा सचिव गोपाल भट्ट के नेतृत्व में राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि एसएसजे विवि में चार जिलों समेत पूरे प्रदेश के हजारों विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। आरोप लगाया कि विवि स्तर पर लंबे समय से तमाम गड़बड़ियां और भ्रष्टाचार हो रहे हैं। कहा कि राष्ट्रीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी किए बगैर ही प्राध्यापक, चतुर्थ श्रेणी व मल्टी पर्पज वर्कर्स की नियुक्तियां की गई हैं और की जा रही हैं। बताया कि इन पदों पर एक राजनैतिक दल विशेष के लोगों की धड़ल्ले से नियुक्तियां की जा रही हैं। ये भी आरोप लगाया कि स्व वित्त पोषित कोर्स के नाम पर गरीब युवाओं से वसूली की जा रही है। कहा कि संविदा कर्मियों से स्थाई करने के नाम पर लाखों की अवैध वसूली के मामले भी यहां चर्चा में आ चुके हैं। उन्होंने राज्यपाल से मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप सिंह, रोहित राणा, संजय कुमार आदि भी शामिल रहे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती को तैयार होगी कार्ययोजना

अल्मोड़ा। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। बकायदा इसके लिए विभाग की ओर से जन आरोग्य समिति गठित की गई है। इसमें पीएचसी स्तर पर जिला पंचायत सदस्य और सब सेंटरों में ग्राम प्रधानों को अध्यक्ष बनाया गया है। अब इनके सहयोग से स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कार्ययोजना तैयार होगी। विभाग की ओर से खासकर दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही लोगों को उचित उपचार के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसके तहत अब क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का भी विभाग सहयोग ले रहा है। पीएचसी स्तर पर जिला पंचायत सदस्य और सब सेंटरों में ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार होगी। ताकि जमीनी स्तर पर काम हो सके। मरीजों को सही समय पर उपचार मिल सके। जन आरोग्य समिति का गठन किया गया है।

## रुद्रपुर कॉलेज ने जीती कुमाऊं विवि अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता

हल्द्वानी। कुमाऊं विवि अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मुकाबला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर एवं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के मध्य खेला गया। रुद्रपुर कॉलेज की टीम ने रामनगर कॉलेज की टीम को 1–0 से परास्त कर प्रतियोगिता अपने नाम की। रविवार को फाइनल मैच का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट, कुमाऊंविवि के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे एवं क्रीड़ा सचिव डॉ. योगेश चंद्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मुकाबले में हरि सिंह महर, अखिलेश मंडल, अमित वेद, पुष्कर जोशी एवं मुकेश मेहरा ने निर्णय की भूमिका अदा की।



## विधायक मेहरा ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

अल्मोड़ा। जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित धौलादेवी, पनुवानौला समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों से अस्पतालों में उचित स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। अस्पताल पहुंचे मरीजों से भी जानकारी ली। अस्पतालों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण का भी भरोसा दिया।

# सूर्य ग्रहण के चलते 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा का पर्व




हरिद्वार। देश के प्रसिद्ध ज्योतिष संस्थानों में से एक ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान, प्रताप चौक सहरसा के संस्थापक ज्योतिषचार्य पंडित तरुण झा दिपावली के अगले दिन 25 अक्टूबर दिन मंगलवार को साल का आखिरी सूर्य ग्रहण लगेगा। यह सूर्य ग्रहण आंशिक सूर्य ग्रहण होगा। सामान्य तौर पर दिपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। दिपावली 24 अक्टूबर को मनायी जाएगी। इस हिसाब से 25 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाना चाहिए। परंतु इस बार सूर्य ग्रहण के कारण गोवर्धन पूजा 26 अक्टूबर को मनायी जाएगी। खगोल शास्त्र के अनुसार जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी लगभग एक सीध में आ जाते हैं। तो इस खगोलीय घटना को सूर्य ग्रहण कहते हैं। सूर्य ग्रहण अमावस्या तिथि पर लगता है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक, सूर्य ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने के 12 घंटे पहले प्रारंभ हो जाता है। चूंकि भारत में सूर्य ग्रहण (मिथिला क्षेत्र ) के अनुसार संध्या 4.43 बजे से दिखाई देगा और संध्या 5.20 तक रहेगा। ऐसे में भारत में इसका सूतक काल सुबह 4.30 बजे से मान्य होगा। सूर्य ग्रहण मे दूध या भंडार के अन्न पर कुश या तुलसी पत्र रखा जाय तो सूर्यग्रहण का बिलकुल असर नहीं होता है। साथ ही भजन, कीर्तन, जप किया जाय तो लाभप्रद होगा। लेकिन ध्यान रहें ईश्वर की मूर्ति का स्पर्श ना करें। सूर्यग्रहण खत्म होने के बाद शुद्धिकरण के लिए गंगाजल से स्नान अवश्य करें।

# सीएम धामी ने सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों संग मनाई दीपावली





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों के साथ दीपावली पर्व मनाया। गढ़ी कैंट में 08 गढ़वाल रेजीमेंट द्वारा आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपस्थित सैनिकों तथा उनके परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सैनिकों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलस का निरीक्षण किया तथा सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर 08 गढ़वाल रेजीमेंट द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 08 गढ़वाल रेजीमेंट के सैनिक, भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिजन उपस्थित थे।

## एक ही रात में दो बाइक सवारों की मौत

रुड़की। एक ही रात में दो बाइक सवारों की भारी वाहनों की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखने की बात कही है। मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है। शनिवार की रात को नारसन कलां और बिजनौर के दो परिवारों की त्योहारों की खुशियां कुछ ही मिनटों में मातम में बदल गयी। मोर्चरी के बाहर भी काफी संख्या में परिजनों और सगे संबंधियों की भीड़ रही। शनिवार रात रवि कुमार (25) पुत्र नरेंद्र निवासी नारसन कला बाइक पर सवार होकर सोलानी पुल के पास से गुजर रहा था। बताया जा रहा है कि इस बीच हरियाणा नंबर के ट्रक की चपेट में आकर रवि की मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक ट्रक को छोड़कर चालक वहां से फरार हो चुका था। पुलिस ने ट्रक और बाइक को कब्जे में लिया।

## दिवाली पर जमकर की लोगों ने खरीदारी

रुड़की। छोटी दिवाली और धनतेरस को लेकर बाजारों में रौनक रही। बाजारों में खरीदारों की काफी भीड़भाड़ रही। सोने, चांदी के आभूषणों के साथ बर्तनों और घर के सजावटी सामान की बिक्री जमकर हो रही है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाने के लिए भी बाजारों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। खुफिया विभाग की टीम भी क्षेत्र में सक्रिय रही ताकि संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। रविवार को छोटी दीपावली के साथ–साथ धनतेरस का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने बाजार में पहुंचकर जमकर खरीदारी की। सोने, चांदी के आभूषणों के साथ–साथ लोगों ने बर्तनों और घर के सजावटी सामान खरीदा।

## रुड़की में प्रार्थना सभा में हिंदू संगठन का हंगामा

रुड़की। प्रार्थना सभा में हिंदू संगठन ने पहुंचकर हंगामा कर दिया। आरोप है कि मौके पर धार्मिक गतिविधियां को गलत तरीके से बढ़ावा दिया जा रहा था। जो बिना अनुमति के चल रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं कोतवाली में भी दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में कुछ लोगों से भी पुलिस ने पूछताछ की। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के सोलानीपुरम में भी कुछ महीनों पूर्व हिंदू संगठन ने चर्च में घुसकर मारपीट की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। रविवार को ढंडेरा की एक जगह पर रविवार को प्रार्थना सभा की सूचना पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि चर्च में धार्मिक गतिविधियों को बिना अनुमति के बढ़ावा दिया जा रहा है। चर्च भी बिना अनुमति के चल रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।









सम्पादकीय

# महंगाई के त्यौहार

पूरा देश इस समय त्योहारों की उमंग और उत्साह में डूबा हुआ है लेकिन जब त्योहारों को बनाने की बात आती है तो निश्चित तौर पर जेब पर भी इसका बड़ा प्रभाव पड़ता है। बाजार के माहिर लोग जानते हैं कब किस अवसर को किस प्रकार से बुलाना है? त्यौहार आने के साथ ही मुनाफाखोरी और मिलावट खोरी के संगम में जहां कुछ लोग चांदी काटते हैं तो वही आम खरीदार पूरी कीमत चुका कर भी अपने मनपसंद की वस्तु पाने में समझौता करता है। बाजार की स्थिति ऐसी है कि कुछ भी सामान खरीदने से पहले भाव पूछने में भी डर लगता है। दीपावली शुरू होने में सप्ताह भर भी नहीं था कि टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दाम में ऐसी उछाल भरी कि लोग हैरान रह गए। घ40 से सीधा टमाटर 80 में पहुंच गया तो अन्य सब्जियों ने भी खरीदारों के पसीने टुड़ा दिए। दूध और इससे बने उत्पादों ने भी अपने उपभोक्ताओं को परेशान रखा जिसमें आंचल और अमूल्य अपने दूध उत्पाद मैं एक से घ2 की बढ़ोतरी कर दी। इन परिस्थितियों में धीरे-धीरे ही सही आम आदमी की जेब पर भार पढ़ता गया और उसका असर त्योहारों की खरीदारी में देखने को मिला। सरकारी कर्मचारियों को त्योहारों पर सरकार की ओर से महंगाई भत्ता हुआ बोनस जैसी सौगात मिली लेकिन एक सामान्य प्राइवेट नौकरी करने वाले के लिए ना तो कोई बोनस और ना ही कोई महंगाई भत्ता जैसा मरहम कंपनी की तरफ से दिया गया। सरकार महंगाई पर काबू रखने में कहीं ना कहीं कमजोर साबित हो रही है जिसका सीधा सा उदाहरण खाद्य पदार्थों के मूल्यों में बढ़ोतरी के रूप में देखा जा सकता है। कच्चे तेल के दाम कम होने के बावजूद पेट्रोल की कीमतों में कोई रियायत सरकार की ओर से नहीं दी गई है बल्कि धीरे धीरे दाम बढ़ रहे हैं। हो सकता है कुछ दिनों में पूर्व की भांति पेट्रोल 100 के आंकड़े को पार कर ले। त्योहारों में बाजारों की रूपरेखा बदलती है तो व्यापारियों का मंद गति से चल रहा व्यापार भी गति पकड़ता है लेकिन वस्तुओं के दाम इस प्रकार से बढ़ रहे हैं की आवश्यकता के अनुसार सामान खरीदने वाले अपनी इच्छाओं को मारकर कम सामान खरीदते हैं और जैसे तैसे त्यौहार पूरा करते हैं। महंगाई के साथ ही मिलावट खोरी का एक बड़ा जंजाल पूरे बाजार में फैला हुआ है जिसकी चपेट से कोई बच नहीं पाया है। खाद्य विभाग की टीमें खानापूर्ति के लिए दूध व अन्य सामान के नमूने एकत्रित करती है लेकिन जब तक उसके परिणाम सामने आते हैं तब तक यह रिजेक्ट माल धड़ल्ले से बाजार में बिक कर समाप्त हो जाता है महंगाई और मिलावट खोरी की चक्की में पिसता हुआ आम आदमी त्यौहार मनाता है लेकिन या उसे अपनी कई इच्छाओं को मारना पड़ता है।

# हम विश्वगुरू फिर भी हमें बदनाम कर रही दुनिया!

अजीत द्विवेदी

इस साल का भूख का वैश्विक सूचकांक यानी ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी होने के बाद भारत में जो बहस छिड़ी है उसमें सबसे दिलचस्प प्रतिक्रिया भारत सरकार की अपनी है। दुनिया के 120 देशों के इस सूचकांक में भारत 107वें नंबर पर है। पिछले साल यानी 2021 में भारत 101वें स्थान पर था और उससे पहले 2020 में 94वें स्थान पर था। यानी भारत की रैंकिंग में हर साल छह-सात स्थान की गिरावट की एक किस्म की निरंतरता है। इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत सरकार के महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा श्भारत में बारे में गलत सूचना फैलाई जा रही है और यह भारत को बदनाम करने के लिए निरंतर चल रहे अभियान का एक हिस्सा है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि ये जो रैंकिंग बनाई गई है वह चार मानकों पर आधारित है, जिसमें तीन मानक बच्चों से जुड़े हैं और एक मानक महज तीन हजार लोगों की राय पर आधारित है। बच्चों वाले मानकों पर ज्यादा ध्यान दिए जाने को खारिज करते हुए महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है।

महिला व बाल विकास मंत्रालय की प्रतिक्रिया दो मायने में बहुत दिलचस्प है। भूख की रैंकिंग में भारत के लगातार नीचे गिरते जाने पर विचार से पहले इसका जिक्र जरूरी है कि मंत्रालय की प्रतिक्रिया क्यों दिलचस्प है। पहली बात, जो मंत्रालय ने कही है वह ये है कि दुनिया भर में भारत को बदनाम करने का अभियान चल रहा है। यह स्पष्ट रूप से भारत सरकार के विज्ञापनों, प्रचार और प्रधानमंत्री सहित तमाम बड़े मंत्रियों के बयानों का खंडन है। खुद नरेंद्र मोदी ने कितनी बार कहा है कि उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया में भारत का मान बढ़ा है, दुनिया भारत की बात ध्यान से सुनती है और भारत की बात मानती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दुनिया का कोई भी बड़ा फैसला अब प्रधानमंत्री मोदी की राय के बिना नहीं होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन से भारतीयों को सुरक्षित निकलवाने के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध रूकवा दिया था। सोचें, जिस देश का प्रधानमंत्री इतना ताकतवर हो, जिसके हिसाब से दुनिया चलती हो उस देश को बदनाम करने का अभियान भला कौन चला सकता है? दोनों में से कोई एक ही बात हो सकती है या तो भारत को बदनाम किया जा रहा है या भारत का सम्मान दुनिया भर में बढ़ा है!

सवाल तो बड़ा जायज दिख रहा है। लेकिन क्या हर साल जब यह ग्लोबल रैंकिंग आती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और उनको 70 फीसदी लोगों का एप्रूवल है तो किसी भाजपा नेता की ओर से इस पर सवाल उठाते देखा है किसी ने? प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता घोषित करने वाली संस्था का नाम श्मर्निंग कंसल्ट है और उसके सर्वे का साइज 2,126 लोगों का है। सभी देशों के मुकाबले सबसे छोटा सैंपल साइज भारत का होता है। भारत के 10 हजार साक्षर लोगों में से दो की राय पर आधारित होता है मोदी के सबसे लोकप्रिय नेता होना की घोषणा। लेकिन इसे दिल खोल कर स्वीकार किया जाता है और भाजपा के बड़े नेता आदि इसे ट्विट करके दुनिया को बताते हैं।

दूसरी दिलचस्प बात यह है कि मंत्रालय ने कहा कि जिन चार पैमानों पर रैंकिंग तैयार की गई है उनमें एक पैमाना तीन हजार लोगों के बीच हुआ सैंपल सर्वे है। इतने बड़े देश में इतने कम लोगों को सैंपल सर्वे के आधार पर कोई भी निष्कर्ष कैसे निकाला जा सकता है?

सवाल तो बड़ा जायज दिख रहा है। लेकिन क्या हर साल जब यह ग्लोबल रैंकिंग आती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और उनको 70 फीसदी लोगों का एप्रूवल है तो किसी भाजपा नेता की ओर से इस पर सवाल उठाते देखा है किसी ने? प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता घोषित करने वाली संस्था का नाम श्मर्निंग कंसल्ट है और उसके सर्वे का साइज 2,126 लोगों का है। सभी देशों के मुकाबले सबसे छोटा सैंपल साइज भारत का होता है। भारत के 10 हजार साक्षर लोगों में से दो की राय पर आधारित होता है मोदी के सबसे लोकप्रिय नेता होना की घोषणा। लेकिन इसे दिल खोल कर स्वीकार किया जाता है और भाजपा के बड़े नेता आदि इसे ट्विट करके दुनिया को बताते हैं।

सोचें, अमेरिका की एक नामालूम सी संस्था दो हजार लोगों की राय पूछ कर एक रैंकिंग बनाती है,




जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया जाता है तो उसे सहज भाव से स्वीकार किया जाता है। इसी तरह विश्व बैंक की ओर से बनाई गई कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत का स्थान सुधरा तो प्रधानमंत्री सहित सारे मंत्रियों ने इसका डंका बजाया। हालांकि बाद में कारोबार सुगमता की रैंकिंग को बंद कर दिया गया क्योंकि विश्व बैंक को अपनी जांच में पता चला कि कई देशों ने पैसे देकर इसमें हेराफेरी कराई थी। इसके बावजूद भारत उस रैंकिंग को बड़े गर्व से स्वीकार करता है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़ी एजेंसियां या दूसरी प्रतिष्ठित संस्थाएं कोई रैंकिंग जारी करती हैं, जिनमें भारत का स्थान नीचे होता तो उसे तत्काल खारिज कर दिया जाता है और कहा जाता है कि यह भारत को बदनाम करने के अभियान का हिस्सा है।

सोचें, अगर अमेरिका की कंपनी श्मर्निंग कंसल्ट या अमेरिका में स्थित विश्व बैंक किसी मामले में भारत का मान बढ़ा रहे हैं तो संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्थाएं क्यों भारत को बदनाम करने का अभियान चलाएंगी? इसके लिए हिंदी में एक मुहावरा है- मीठा मीठा गप्प, कड़वा कड़वा थू!

जिस सर्वे में या जिस सूचकांक में भारत को अच्छा स्थान मिलेगा उसे स्वीकार किया जाएगा और जिस सूचकांक में भारत का स्थान नीचे जाएगा उसमें खारिज कर दिया जाएगा, यह नीति प्रचार और जन संपर्क रणनीति यानी पीआर के लिए तो ठीक है लेकिन देश की सेहत और उसके नागरिकों के भविष्य के लिए अच्छी नहीं है। यह बिल्ली को देख कर कबूतर की तरह आंख बंद कर लेने जैसा है। संकट या समस्या के इनकार से संकट समाप्त नहीं होते हैं और न उनका समाधान होता है। सरकार अगर आगे बढ़ कर समस्या को स्वीकार करती है तभी उसका समाधान निकलेगा। जो समस्याएं प्रत्यक्ष, नंगी आंखों से दिख रही हैं, सरकार और सत्तारूढ़ दल उससे भी इनकार कर रहा है। दुनिया भर की संस्थाओं ने भारत में लोकतंत्र की स्थिति, प्रेस की स्वतंत्रता, मानवाधिकार की स्थिति, भुखमरी और कुपोषण के हालात, धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति सहित अनेक क्षेत्रों में गिरावट को रेखांकित किया है।

नियमित अंतराल पर अलग अलग संस्थाओं की रिपोर्ट आती है और ग्लोबल रैंकिंग जारी होती है, जिसमें ज्यादातर में भारत की स्थिति में गिरावट दिख रही है। इसमें कई रिपोर्ट्स बेहद चिंताजनक हैं। जैसे भूख की ताजा रैंकिंग है, जिसमें बताया गया है कि दक्षिण एशिया के ज्यादातर देशों की स्थिति भारत से बेहतर है। श्रीलंका, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश की रैंकिंग भी भारत से बेहतर है। भूख के वैश्विक सूचकांक में भारत को सौ में से सिर्फ 29.1 अंक मिले हैं, सन 2000 में यह 38.8 था। भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों 19.3 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जिनका वजन उनकी लंबाई के अनुपात में कम है यानी वे कुपोषित हैं। यह दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले ज्यादा बड़ा आंकड़ा है।

क्या इसे खारिज करना या बदनाम करने का अभियान बता कर इसकी अनदेखी करना कोई समझदारी की बात होगी? ग्लोबल हंगर रिपोर्ट आयरलैंड की संस्था कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी की संस्था वेल्ट हंगर हाईलाइफ तैयार करते हैं, जिसे दुनिया के सभ्य देश बहुत गंभीरता से लेते हैं। भारत को भी इसे खारिज करने की बजाय गंभीरता से लेना चाहिए और सुधार की पहल करनी चाहिए।

# गुजराती अस्मिता का मोदी का दांव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं तब वे उसी प्रदेश के प्रधानमंत्री की तरह बरताव करते हैं। वे देश के प्रधानमंत्री की तरह वोट नहीं मांगते हैं, बल्कि गुजरात के प्रधानमंत्री की तरह वोट मांगते हैं। उनका पूरा प्रचार गुजराती अस्मिता के उपर होता है, जिसके एकमात्र प्रतीक वे खुद होते हैं। गुजरात में चुनाव की घोषणा से पहले वे राज्य के लगातार दौरे कर रहे हैं और चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने अपने ताजा दौरे में बुधवार को दो जगह गुजराती अस्मिता को ललकारा। प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि गुजरात को गाली देने वालों को सबक सिखाना है। इसके बाद जूनागढ़ में यह भी कहा कि कुछ लोगों को गुजरात की सफलता रास नहीं आती। पिछले दौरों में भी उनको कई बार कहा कि गुजरात का विकास रोकने के प्रयास हुए और गुजरात को बदनाम किया गया।

इस तरह की अस्मिता की बात वे दूसरे राज्यों में नहीं करते हैं। देश के किसान जब दिल्ली की सीमा पर धरने पर बैठे तो उनको खालिस्तानी और आतंकवादी कहा गया लेकिन पंजाब की सभाओं में प्रधानमंत्री ने कभी नहीं कहा कि पंजाब को बदनाम करने वालों को सबक सिखाना है, क्योंकि बदनाम करने वाले भाजपा के ही लोग थे। इसी तरह बिहार और यूपी यानी पूर्वांचल के लोगों के साथ देश भर में भेदभाव होता है, उन्हें अपमानित किया जाता है लेकिन उनकी अस्मिता का मुद्दा पीएम कभी नहीं उठाते हैं। राजधानी दिल्ली सहित देश के अनेक राज्यों में पूर्वोत्तर के लोगों को चिढ़ाया जाता है और दक्षिण भारतीयों को भी मजाक उड़ाया जाता है लेकिन उनके स्वाभिमान को लेकर प्रधानमंत्री कुछ नहीं कहते हैं।

# फिर उलटा पड़ता प्रतिबंध



रूस पर प्रतिबंधों के अनुभव से कोई सबक ना लेकर हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए अमेरिका सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम बैकफायर करता दिख रहा है।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और यूरोप ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उनका उलटा असर हुआ। उनसे रूस की अर्थव्यवस्था तो उतनी प्रभावित नहीं हुई, लेकिन यूरोप के लिए तबाही के रास्ते खुल गए। पश्चिम में यह अहसास तीन या चार महीनों के बाद जाकर हुआ। लेकिन तब तक पश्चिम के लिए कदम पीटे खींचने के विकल्प सीमित हो चुके थे। बहरहाल, अमेरिका ने उससे कोई सबक नहीं लिया। हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए वह सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम फिर बैकफायर करता दिख रहा है। द वल स्ट्रीट जर्नल से लेकर रिपोर्टों और विश्लेषणों में अमेरिकी चिप इंडस्ट्री के संकटग्रस्त होने की चर्चा खुल कर हुई है। काबिल-ए-गौर बात इस उद्योग से जुड़े लोगों की सामने आई यह राय है कि अमेरिकी प्रतिबंधों से हाई टेक क्षेत्र में चीन की प्रगति की रफ्तार तो घटेगी, लेकिन अब वह इतना आगे बढ़ चुका है कि देर-सबेर सेमीकंडक्टर उत्पादन के मामले में आत्म निर्भर हो जाएगा। जबकि दुनिया का सबसे बड़ा बाजार- यानी चीन के हाथ से निकलने के बाद अमेरिका की प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां अपने पूंजीगत निवेश मे कटौती के लिए मजबूर हो जाएंगी।

इसका असर उनके रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर पड़ेगा। इससे संभव है कि भविष्य में जहां चीन इस क्षेत्र में अग्रणी बन जाए, वहीं अमेरिका का प्रभाव घट जाए। इस सिलसिले में इन तथ्यों का उल्लेख किया गया है कि 2021 में चीन ने न सिर्फ संख्या बल्कि गुणवत्ता वाले रिसर्च पेपर के प्रकाशन के मामले में भी अमेरिका को आगे छोड़ दिया। इसी वर्ष चीनी कंपनियों ने जहां 73 हजार से ज्यादा पेंटेंट हासिल किए, वहीं अमेरिका के मामले में ये संख्या। 56 हजार रही। हर साल पढ़ कर बाहर आने वाले इंजीनियर और टेककर्मियों के मामले में चीन काफी पहले आगे निकल चुका है। ऐसे में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका पिछड़ापन स्थायी रहेगा, यह मानने की कोई ठोस वजह नहीं है। इसलिए बेहतर होता अगर अमेरिका प्रतिबंधों की

# इमरान खान की जीत का अर्थ



वेद प्रताप वैदिक

यह पहली बार पाकिस्तान में ही हुआ है। भारत और पाकिस्तान में उम्मीदवारों को यह टूट है कि वे एक से ज्यादा सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन इमरान खान की खूबी यह है कि वे छह सीटें जीतने के बावजूद पाकिस्तान की संसद में पांव भी नहीं रखेंगे। उनकी पार्टी संसद का बहिष्कार कर रही है। उनका कहना है कि शाहबाज शरीफ की यह सरकार विदेश से आयातित है या फौज के द्वारा थोपी गई है। अब जो संसद पाकिस्तान में चल रही है, वह भी फर्जी है। असली संसद और असली सरकार तभी बनेगी, जबकि चुनाव होंगे और जनता उनको चुनेगी।यों तो चुनाव 2023 में होने हैं लेकिन इमरान की मांग है कि वे तुरंत होने चाहिए।

पाकिस्तान संसद की आठ सीटों के लिए हुए उप-चुनाव में इमरान खान ने छह सीटें जीत लीं। उनकी पार्टी श्पाकिस्तान तहरीके-इंसाफ ने कुल सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन सातों सीटों पर उसका बस एक ही उम्मीदवार था। उसका नाम था- इमरान खान! क्या आपने कभी सुना है कि भारत, पाकिस्तान या दुनिया के किसी देश में एक ही उम्मीदवार सात सीटों पर एक साथ खड़ा हुआ है? कभी नहीं।

यह पहली बार पाकिस्तान में ही हुआ है। भारत और पाकिस्तान में उम्मीदवारों को यह टूट है कि वे एक से ज्यादा सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन इमरान खान की खूबी यह है कि वे छह सीटें जीतने के बावजूद पाकिस्तान की संसद में पांव भी नहीं रखेंगे। उनकी पार्टी संसद का बहिष्कार कर रही है। उनका कहना है कि शाहबाज शरीफ की यह सरकार विदेश से आयातित है या फौज के द्वारा थोपी गई है। अब जो संसद पाकिस्तान में चल रही है, वह भी फर्जी है। असली संसद और असली सरकार तभी बनेगी, जबकि चुनाव होंगे और जनता उनको चुनेगी।

यों तो चुनाव 2023 में होने हैं लेकिन इमरान की मांग है कि वे तुरंत होने चाहिए। इमरान जबसे अपदस्थ हुए हैं, वे अनवरत आंदोलनकारी बन गए हैं।

पूरे पाकिस्तान में घूम-घूमकर वे सभाएं और प्रदर्शन आयोजित कर रहे हैं। सरकार भी उनका जमकर पीछा कर रही है। इमरान की सभाओं में लाखों लोग आ रहे हैं और उनको सभी प्रांतों में भारी जन-सहयोग मिल रहा है। इमरान पठान हैं लेकिन उनका पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान में भी पख्तूनख्वाह की तरह गर्मजोशी से स्वागत हो रहा है।

उन्होंने कहा है कि यदि सरकार जल्दी ही चुनाव नहीं करवाएगी तो वे धरने, प्रदर्शन और सत्याग्रह आदि का जबर्दस्त आयोजन करेंगे। उनका आरोप है कि सरकार उन्हें कुछ आपराधिक मामलों में भी फंसाने की कोशिश कर रही है लेकिन उसकी दाल नहीं गल पा रही है। वे शाहबाज सरकार को श्भ्रष्ट और भगोड़ों की सरकार कहकर संबोधित करते हैं। जिस फौजी नाराजी के कारण इमरान की सरकार गिरी थी, वह फौज भी तटस्थ दिखाई पड़ रही है।

इस समय पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता हो गई है। भयंकर बाढ़ ने कोढ़ में खाज का काम किया है। मंहगाई और बेरोजगारी आसमान टू रही है। शाहबाज शरीफ पंजाब प्रांत के सफल और यशस्वी मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन उनकी बदकिष्मती है कि उनका प्रधानमंत्री-काल इतना संकटापन्न है। इस उप-चुनाव में इमरान की प्रचंड विजय ने उनकी सरकार की चूलें हिला दी हैं।

# पसीने की बदबू दूर करने के लिए अब महंगे परफ्यूम पर ना लगाए पैसे

मनसून का सीजन जारी हैं लेकिन उमस से लोग परेशान हो चुके हैं जिसके चलते पसीना होना स्वाड्डाविक हैं। बडी से पसीने की बदबू आना एक सामान्य बात है। लेकिन इसकी वजह से दूसरों के पास खड़े होने में ड्डी शर्मिंद्गी महसूस होने लगती हैं। अपने बचाव के लिए लोग कई महंगे परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं ताकि पसीने की बदबू को दबाया जा सके। आप चाहे जितने महंगे से महंगे डियोड्रेंट का इस्तेमाल कर लें लेकिन इसका असर कुछ ही समय में गायब हो जाता है। ऐसे में आपको जरूरत होती हैं कुदरती तरीकों की। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तेल की जानकारी देने जा रहे हैं जो पसीने की बदबू दूर करने का कम करेंगे और आपको महंगे परफ्यूम लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आइये जानते हैं इनके बारे में..

आपको मार्केट में नेरोली अयल के कई परफ्यूम मिल जाएंगे। जिनमें नेरोली फूलों की खूशबू मौजूद होती है। लेकिन अगर आप मार्केट से परफ्यूम नहीं खरीदना चाहती तो घर में ही परफ्यूम बना सकती हैं। नेरोली अयल को किसी स्प्रे की बोतल में डालकर आप इसे बडी पर स्प्रे कर सकती हैं। यह सिर्फ आपको ही नहीं बल्कि आसपास के बाकी लोगों को ड्डी बहुत अच्छी एनर्जी देगा।

आपने स्किन केयर रुटीन में कई बार लैवेंडर अयल का इस्तेमाल किया होगा। लेकिन आप इसे नैचुरल परफ्यूम के रुप में इस्तेमाल कर सकती हैं। नियमित तरीके से इसका इस्तेमाल करने से एंग्जायटी और तनाव से ड्डी राहत मिलती है। लैवेंडर अयल में इंफ्लामेटरी गुण पाए जाते हैं जो त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। परफ्यूम के तौर पर इसका इस्तेमाल करने के लिए आप नहाने के बाद अंडर आर्म और गर्दन के कुछ हिस्से में इसे लगाएं। इससे आपके शरीर में पसीने की दुर्गंध नहीं आएगी।

नारियल तेल शरीर से बदबू हटाने में असरदार होता है। इसमें लरिक एसिड पाया जाता है, जो पसीना पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म कर देता है। रात को सोने से पहले शरीर के उन हिस्सों पर नारियल तेल लगा कर हल्की मसाज करें जहां से दुर्गंध आती है। इससे पसीने की बदबू कुछ कम हो जाएगी।

आप चंदन का तेल परफ्यूम के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एक तरह की खास अरोमा मौजूद होती है जो आपके मन और तन को आराम देने में मदद करता है। यह खूशबू पसीना आने से ड्डी रोकती है। परंतु इस तेल का इस्तेमाल आप सीधे त्वचा पर न करें। पहले इसे कपड़ों पर लगा लें। सीधे त्वचा पर लगाने से आपको एलर्जी ड्डी हो सकती है।

टी ट्री अयल एक प्रातिक एंटीसेप्टिक है जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया को दूर कर के दुर्गंध पैदा होने से रोकता है। 2 चम्मच पानी में टी ट्री अयल की 2 बूंद मिला कर अपने अंडरआर्म्स और अन्य क्षेत्रों पर लगाएं। असरदार रिजल्ट पाने के लिए ऐसा रोज करें।

आप गुलाब का तेल ड्डी नैचुरल परफ्यूम के तौर पर ड्डी इस्तेमाल कर सकते हैं। त्वचा के लिए यह काफी फायदेमंद माना जाता है।

## सऊदी पीएम मोहम्मद बिन सलमान अगले महीने भारत आएंगे

**सऊदी अरब ,(एजेंसी)।** सऊदी अरब के प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अगले महीने भारत आने की उम्मीद है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि सऊदी क्राउन प्रिंस के 14 नवंबर को बाली (इंडोनेशिया) में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए जाने के दौरान भारत का दौरा करने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। यह एक दिन का दौरा होगा। इससे पहले, सऊदी ऊर्जा मंत्री अब्दुलअजीज बिन सलमान ने पिछले सप्ताह भारत का दौरा किया था। उसी वक्त ओपेक प्लस ने तेल उत्पादन में कटौती का निर्णय लिया था।

## ब्रिटेन में कंजरवेटिव लीडरशिप, प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ेंगे ऋषि सुनक

**लंदन ,(एजेंसी)।** ब्रिटेन के राजकोष के पूर्व चांसलर ा षि सुनक ने रविवार को कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व और प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लडने की घोषणा की। सुनक ने एक ट्वीट में कहा,ब्रिटेन एक महान देश है लेकिन हम एक गहन आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसलिए मैं कंजरवेटिव पार्टी का नेता और आपका अगला प्रधान मंत्री बनने के लिए खड़ा हूं। मैं अपनी अर्थव्यवस्था को ठीक करना चाहता हूं, अपनी पार्टी को एकजुट करना और अपने देश के लिए काम करना चाहता हूं। सुनक और ब्रिटेन के पूर्व प्रधान मंत्री बोरिस जनसन को कंजर्वेटिव पार्टी नेतृत्व के लिए और बाद में प्रधानमंत्री की भूमिका के लिए शीर्ष दो दावेदार माना जाता है क्योंकि वे दोनों नेतृत्व की दौड़ में भाग लेने के लिए आवश्यक 100 कंजर्वेटिव सांसदों का समर्थन हासिल करने में कामयाब रहे हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान प्रधानमंत्री लिज ट्रस ब्रिटेन के इतिहास में सबसे कम समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बनीं। वह अपने उत्तराधिकारी के चुने जाने तक पद पर बनी रहेंगी। कंजरवेटिव पार्टी के सांसद 24-28 अक्टूबर तक अपना नया नेता और अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए अनलाइन वोट करेंगे।

## काबुल में छह आईएस आतंकवादियों को किया ढेर

**काबुल ,(एजेंसी)।** तालिबान सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में कल रात भर चले अपरेशन में आतंकवादी इस्लामिक स्टेट समूह के छह सदस्यों को मार गिराया। सत्तारूढ़ समूह के प्रशासन के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता कारी यूसुफ अहमदी ने कहा कि आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में मारे गए आईएस के सदस्य हाल के हफ्तों में दो बड़े हमलों में शामिल थे। जिनमें से एक शहर की मस्जिद पर और दूसरा एक शिक्षण संस्थान हमला किया गया था जिसमें कई छात्राओं की मौत हो गयी थी। अहमदी ने कहा,मारे गए आतंकवादी वजीर अकबर खान मस्जिद और काज शिक्षण संस्थान के हमलावर थे। उन्होंने कहा कि अपरेशन में तालिबान सुरक्षा बल का एक सदस्य भी मारा गया। गौरतलब है कि काज इंस्टीट्यूट शिक्षा केंद्र के महिला खंड में 30 सितंबर को हुए विस्फोट में 53 लोगों की मौत हो गई थी।

## सैन्य एम्बुलेंस को निशाना बनाकर किये गये विस्फोट में पांच की मौत

**अदन ,(एजेंसी)।** दक्षिणी अबयान प्रांत में सरकार समर्थक यमनी बलों के दल को ले जा रही एक एम्बुलेंस में विस्फोट हो गया जिसमें उसमे सवार पांच चिकित्साकर्मियों की मौत हो गयी। दक्षिणी सैनिकों की एक सैन्य चिकित्सा टीम को ले जा रही एम्बुलेंस को अब्यान के अल महफीद जिले में मुख्य सड़क से गुजरते समय रिमोट के माध्यम से आइइडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) में विस्फोट कर उड़ा दिया गया।

# दिवाली के अवसर पर गांधी परिवार के दो एनजीओ पर गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया : संबित पात्रा

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि दीपावाली के शुभ अवसर पर गृहमंत्रालय द्वारा भ्रष्टाचार पर कुठाराघात हुआ है। आज खबर आयी है कि गृह मंत्रालय ने गांधी परिवार के दो एनजीओ राजीच गांधी फाउंडेशन आरजीएफ और राजीव गांधी चौरिटेबल ट्रस्ट पर प्रतिबंध लगाने का काम किया है। यह प्रतिबंध फरेन कन्टीब्यूटरी रेगुलेटरी एक्ट 2002 एफसीआरए के तहत प्रतिबंध लगाया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी इन दोनो एनजीओ की भी अध्यक्षा है और गृह मंत्रालय के इस फैसले का स्वागत देश की जनता और भारतीय जनता पार्टी करती है। संबित पात्रा ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को लेकर पिछले कुछ वर्षो से बहुत सारे खुलासे सार्वजनिक हुए थे। वर्ष 2020 में गृह मंत्रालय ने विदेशी फंडिंग की जांच को लेकर अंतर मंत्रालीय समिति का गठन किया था। इस समिति में सीबीआई एवं ईडी के अधिकारी शामिल थे, जो इनकम टैक्स और एफसीआर



एक्ट के तहत मनी लंडिंग के मामले की जांच कर रहे थे। संबित पात्रा ने कहा कि आज खबर आयी है कि उस समिति के रिपोर्ट के अनुसार राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चौरिटेबल टस्ट पर प्रतिबंध लगाया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि भारतीय जना पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 2020 में जनसभा में उजागार किया था कि एक-दो बार नहीं बल्कि तीन-तीन बार चीन के कम्यूनिस्ट पार्टी और चीन दूतावास से राजीव गांधी फाउंडेशन से डोनेशन लिया था। आरजीएफ के चेयरपर्सन सोनिया गांधी है और इसमें राहुल गांधी एवं प्रियंका वाड्रा भी ट्रस्टी है । जेपी नड्डा ने उस वक्त भी आरजीएफ का कच्चा चिा सबके सामने रखा था। आज दोबार आरजीएफ के कच्चा चिा को सबके सामने रख रहा हूं।राजीव गांधी फाउंडेशन के डोनेशन लिस्ट में गर्वनमेंट अफ पीपुल्स रिब्लिक अफ चाइना है। तत्कालीन रिमोट कन्टोल वाली मनमोहन सरकार के दौरान यूपीए के अध्यक्षा सोनिया गांधी थी और उस वक्त आरजीएफ की अध्यक्षा भी सोनिया गांधी थी। सोनिया गांधी उस दौरान चीन के सरकार से करोड़ो रूप्ए ली थी। उस वक्त चीन के सरकार के अलावा चीन के दूतावास से भी डोनेषन लिया गया है यह बहुत ही सोचनीय एवं चिंतित करने वाला विषय है।

संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने चीन को लकर बहुत सारे सवाल पूटे थे और भारतीय जनता पार्टी ने भी जवाब दिया था। भारत चीन सीमा पर डोकलाम विवाद के दौरान राहुल गांधी ने चीनी टेंट के नीचे गांधी कुनबा पकड़ा गया था। आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार को धन्यवाद देती है कि आरजीएफ के उपर अंकुश लगाया गया है।बीजींग ओलम्पिक में पूरा का पूरा गांधी परिवार बीजींग गया था। सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी, प्रियंका वाडा और रबर्ट वाड्रा भी शामिल थे। इस दौरान चीन के राष्टपति शी जिनपिंग और राहुल गांधी के बीच एक समझौता एमओयू हुआ था। उसके बाद आरजीएफ को डोनेषन मिला था। भारतीय जनता पार्टी इस समझौता को लेकर कई बार सवाल पूटे किन्तु कांग्रेस पार्टी ने अबतक कोई जवाब नहीं दिया है।भारतीय जनता पार्टी ने राजीव गांधी फाउंडेशन के दूसरे घोटाले का भी उजागर किया था। 1948 में प्रधानमंत्री राष्टीय राहत कोष बना था इसके माध्यम से प्रातिक आपदा के षिकार लोगों को मदद पहुंचाना मुख्य उद्देष्य था। बड़े आष्चर्य की बात थी कि प्रधानमंत्री राष्टीय राहत कोष के बहुत बड़ी राषि राजीव गांधी फांउडेषन को चंदा और गिफ्ट के रूप् में दिया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री ड. मनमोहन सिंह ने संसद में लगभग 100 करोड़ रूप्ए की राषि राजीव गांधी फाउंडेशन में देने की घोषणा की थी।

इसके अलावा सात मंत्रालय और पब्लिक सेक्टर यूनिट भी सोनिया गांधी की अध्यक्षता में चल रही एनजीओ राजीव गांधी फाउंडेशन को चंदा दिए थे। चंदा देने वाली लिस्ट में एलआईसी, गेल, अयल इंडिया लिमिटेड, ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स, एसबीआई, बैंक आफ महाराष्टा, हाउसिंग अफ अर्बन डेवलमेंट करपारेषन लिमिटेड, हुडको, ओएनजीसी, स्टील अथोरिटी आफ इंडिया लिमिटेड शामिल है। इसके अलावा गृह मंत्रालय, डायरेक्टरेट अफ एडल्ट एजुकेशन मानव संसाधन मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, लघु उद्योग मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित राष्टीय स्वरोजग मिशन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सबला योजना के माध्यम से राजीव गांधी फाउंडेशन को करा-ेड़ो रूप्ए दिए गए। वर्ष 2007-08 में आरजीएफ के डोनर लिस्ट में भी प्रधानमंत्री राष्टीय राहत कोष का नाम शामिल है।

संबित पात्रा ने कहा कि ने यह भी खुलासा किया था कि भ्रष्टाचार करके पैसा कमाने वाली कंपनियों से भी राजीव गांधी फाउंडेशन ने चंदा के रूप में वसूली की थी। जिसमें अतांकी गतिविधियों लिप्त जाकीर नाइक की संस्था इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन से भी आरजीएफ ने 50 लाख रूप्ए से अधिक की राशि ली थी। भारतीय जनता पार्टी और देश की जनता ने इसका खुलासा किया तो कांग्रेस पार्टी रंगे हाथ पकड़ी गयी थी। चाहे मेहुल चौकसी हो या राणा कपूर हो, एनएससीएल के घोटाले बाजों से राजीव गांधी फाउंडेशन ने मोटी रकम चंदा के रूप में लिया था। संबित पात्रा ने कहा किभारतीय जनता पार्टी उन सभी जांच एजेंसियों को धन्यवाद देती है कि भ्रष्टाचार में लिप्त इस प्रकार के काम करने वालों पर कानून के अंतर्गत कार्यवाही की गयी है।

यूपीए की सरकार मे जाकिर नाइक और चीन से पैसा लेने वालों के उपर कार्रवाई करने की किसी में हिम्मत नहीं थी। क्योंकि सरकार भी सोनिया गांधी चलाती थी और राजीव गांधी फाउंडेशन राजीव गांधी चौरिटेब्ल टस्ट और नेशनल हेराल्ड भी यही लोग चलाते थे। जहां भ्रष्टाचार है वहीं भ्रष्ट परिवार। वंशवद जहां भी है वहां राष्टीय जिम्मेदारियों को दरकिनार कर दिया जाता है सिर्फ परिवार हित मायने रखता है।

## पीएम मोदी की राह पर एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र में 75000 सरकारी नौकरियों का किया ऐलान

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने अगले एक साल में राज्य के युवाओं को 75,000 सरकारी नौकरियां देने का ऐलान किया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार एक साल में 75 हजार सरकारी नौकरियां देगी। फडणवीस ने युवाओं को 10 लाख रोजगार देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की भी प्रशंसा की। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, श्प्रधानमंत्री की ओर से शुरू की गई इस पहल के साथ महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हमारी सरकार ने भी नौकरी देने का फैसला किया है। 75,000 नौकरियों में से 18,000 रिक्तियां पुलिस विभाग में होंगी। इसके लिए अगले 5 से 7 दिनों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।प्रधानमंत्री ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से कहा था कि वे अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को शमिशन मोड पर नौकरियां दें।

## पैरेंट्स से चंदा वसूलने को लेकर बैकफुट पर कर्नाटक सरकार, वापस लेना पड़ा फैसला

**बेंगलुरु ,(एजेंसी) ।** प्राइमरी और हाई स्कूल के प्रबंधन के लिए पैरेंट्स पर चंदा देने का नियम कर्नाटक सराकार ने वापस ले लिया है। सरकार ने पैरेंट्स से हर महीने स्कूल के विकास के नाम पर 100 रुपये वसूलने का नियम लागू किया था। हालांकि विपक्ष और लोगों की आलोचना के बाद इस फैसले को वापस ले लिया गया। यह नियम 20 अक्टूबर को लागू किया गया था।

शनिवार को डिपार्टमेंट अफ पब्लिक एजुकेशन की तरफ से कहा गया कि तत्काल प्रभाव से 20 अक्टूबर 2022 को जारी किया गया आदेश वापस लिया जाता है। इससे पहले विपक्ष के नेता सिद्धारमैया न भाजपा सरकार पर इस फैसले को लेकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक की भाजपा सरकार स्कूल के गरीब छात्रों को परेशान कर रही है। सरकार के विभाग छात्रों से भी 40 फीसदी कमीशन ले रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार छात्रों को खाना, दूध, यूनीफर्म, जूते और हस्टल की सुविधा बिना किसी शुल्क के देती थी। यह भाजपा की सरकार है जो कि छात्रों का पैसा भी ले लेना चाहती है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार चलाने के लायक ही नहीं बची है।

उन्होंने कहा, स्कूल चलाने के लिए पैसे भी पैरेंट्स से ही लेने पड़ रहे हैं। इसका मतलब है कि भाजपा सरकार चलाने में सक्षम नहीं है। जेडीएस नेता कुमारस्वामी ने भी सरकार की आलोचना की और कहा कि बच्चों के माता पिता से पैसा इका ा करना ठीक नहीं है। यह सरकार दिवालिया हो चुकी है इसीलिए बेशर्मी से पैसा मांग रही है।

## आग लगने से सेवानिवृत्त आईजी की दम घुटने से मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** इंदिरानगर स्थित आवास में शनिवार देर रात आग लगने से एक सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) की दम घुटने से मौत हो गई। एडीसीपी नर्थ जोन अभिजीत आर शंकर ने बताया कि रात करीब 11 बजे पड़ोसियों ने पुलिस को सेवानिवृत्त आईजी दिनेश चंद्र पांडे के सेक्टर-18 इंदिरानगर आवास में आग लगने की सूचना दी।

दमकल की पांच गाडियों को आनन फानन में मौके पर भेजा गया।

अधिकारी ने बताया कि आईजी की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि उनके बेटे और पत्नी झुलस गए हैं और उन्हें केजीएमयू ट्रमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि जिस कमरे में सेवानिवृत्त आईजी सो रहे थे, उस कमरे में शर्ट सर्कट के कारण एयर कंडीशनर में आग लग गई।

## आईटीडीसी के चेयरमैन के पद पर होने के बावजूद संबित पात्रा कर रहे भाजपा का प्रचार : आतिशी

**नई दिल्ली,(एजेंसी) ।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्री को पत्र लिखकर संबित पात्रा को इंडियन टूरिज्म कर्पोरेशन चेयरमैन के पद से हटाने की मांग की है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि इंडियन टूरिज्म कर्पोरेशन के चेयरमैन नियुक्त होने के बाद संबित पात्रा पब्लिक सर्वेंट की लीगल डेफिनेशन के तहत शामिल हो जाते हैं। एक पब्लिक सर्वेंट होने के नाते कोई भी व्यक्ति न किसी पार्टी से जुड़ा हो सकता है और न किसी पार्टी के लिए प्रचार कर सकता है। इसके अलावा न अपने सरकारी पद को किसी भी पार्टी को प्रमोट करने के लिए इस्तेमाल कर सकता है। आईटीडीसी चेयरमैन व पब्लिक सर्वेंट होने के बावजूद संबित पात्रा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र प्रवक्ता के पद पर बने हुए हैं। वह बिना किसी नियम कानून को ध्यान में रखे भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार, प्रेस कन्फेस और टीवी डिबेट्स करते हैं। इन्ही कारणों से केंद्रीय पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी जी और सेंट्रल विजिलेंस कमीशन को शिकायत पत्र लिखा है। इसके जरिए मांग कि है कि संबित पात्रा को तुरंत प्रभाव से आईटीडीसी के चेयरमैन पद से हटाया जाए। आतिशी ने कहा कि कल मैंने केंद्र सरकार के टूरिज्म मिनिस्टर जी किशन रेड्डी जी को एक पत्र लिखा है।

उस पत्र की कपी मैंने सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के चेयरमेन सुरेश पटेल जी को भी भेजी। मैंने उसमें संबित पात्रा जी के चेयरपर्सन इंडियन टूरिज्म कर्पोरेशन से हटाए जाने की मांग की है। इस शिकायत पत्र के तथ्य मैं आपसे साझा करना चाहूंगी। 30 नंवबर 2021 को संबित पात्रा जी को इंडियन टूरिज्म डेवेलपमेंट कर्पोरेशन (आईटीडीसी) का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। आईटीडीसी केंद्र सरकार के तहत आता है और इंडियन टूरिज्म कर्पोरेशन के चेयरमेन नियुक्त होने के बाद संबित पात्रा जी पब्लिक सर्वेंट की लीगल डेफिनेशन के तहत शामिल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पब्लिक सर्वेंट को इंडियन पीनल कोर्ट (आईपीसी) में, प्रिवेंशन अफ करप्शन एक्ट में, सेंट्रल सिविल सर्विसेंज (सीसीएस) रूल्स आदि में स्पष्ट तौर पर परिभाषित किया गया है। एक पब्लिक सर्वेंट की सबसे महत्वपूर्ण परिभाषा है कि कोई भी पब्लिक सर्वेंट किसी भी पलिटिकल पार्टी से जुड़ा हुआ नहीं होगा। एक पब्लिक सर्वेंट होने के नाते कोई भी व्यक्ति न किसी पार्टी से जुड़ा हो सकता है, न किसी पार्टी के लिए प्रचार कर सकता है, न अपने सरकारी पद को किसी भी पार्टी को प्रमोट करने के लिए यूज कर सकता है। परंतु संबित पात्रा जी चेयरमेन आईटीडीसी व पब्लिक सर्वेंट होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र प्रवक्ता के पद पर बने हुए हैं। आतिशी ने कहा कि आप सभी संबित पात्रा जी को भाजपा की प्रेस कन्फ्रेस करते हुए, भाजपा की तरफ से टीवी डिबेट्स और भाजपा का चुनावी राज्यों में प्रचार करते हुए देखते हैं। टीवी डिबेट्स, प्रेस कन्दें सिज, चुनावी प्रचार आदि बेहत स्पष्ट तौर से सेंट्रल सिविल सर्वेंट रूल का वयलेशन है। लेकिन संबित पात्रा जी बिना किसी नियम कानून को ध्यान में रखे भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार, प्रेस कन्फेस और टीवी डिबेट्स करते हैं। संबित पात्रा जी की ट्विटर टाइमलाइन पर बहुत सारे पलिटिकल वीडियोज और बहुत सारे पलिटिकल डिबेट्स उनके अपने सरकारी दफ्तर से करते हुए हैं, जो एक पब्लिक आफिस के मिसयूज का स्पष्ट उदाहरण है। इन्हीं सब कारणों से मैंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी जी और सेंट्रल विजिलेंस कमीशन को शिकायत पत्र लिखा है और मांग कि है कि संबित पात्रा जी को तुरंत प्रभाव से आईटीडीसी के चेयरमेन पद से हटाया जाए।

# चक्रवात सितरंग दिवाली पर कई राज्यों में मचा सकता है तबाही

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** मनसूनी बारिश के बाद भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, कुछ राज्यों में दिवाली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के दिन चक्रवाती तूफान सितरंग की वजह से भारी बारिश हो सकती है। मौसम की चेतावनी है कि साइक्लोन (चक्रवाती तूफान) सितरंग कई राज्यों में तबाही भी मचा सकता है। मौसम विभाग का यह अलर्ट पश्चिम बंगाल, ओडिशा समेत कई राज्यों के लिए है।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र 24 अक्टूबर तक एक चक्रवाती तूफान में



बदल जाने की उम्मीद है। आईएमडी के अनुसार, आज बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश समेत बंगाल के तटीय इलाकों में बारिश होने की संभावना बताई जा रही है।

बंगाल और ओडिशा में कहर बरपाएगा सितरंग। कोलकाता में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के उप महानिदेशक संजीव बंदोपाध्याय के अनुसार, पश्चिम बंगाल के उत्तर-24 परगना और दक्षिण-24 परगना जिलों में अलग-अलग स्थानों पर दिवाली के दिन भारी से बहुत भारी बारिश होगी। जबकि पश्चिम मेदिनीपुर में भारी बारिश हो सकती है। 25 अक्टूबर (गोवर्धन पूजा के दिन) को नदिया, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना में भारी वर्षा होने की संभावना है। दोनों दिनों कोलकाता, हावड़ा और हुगली में मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं, भुवनेश्वर में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने पुरी, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालासोर, मयूरभंज, जाजपुर, क्योंझर, कटक और खुर्दा जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

कई राज्यों में दिवाली और गोवर्धन पूजा वाले दिन अरुणाचल प्रदेश में भारी वर्षा की संभावना है। 24-26 अक्टूबर के दौरान असम और मेघालय और 23-26 अक्टूबर के दौरान मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश हो सकती है।

आईएमडी ने मछुआरों को सलाह दी है कि वे मध्य बंगाल की खाड़ी के गहरे समुद्र क्षेत्र में और 23 से 26 अक्टूबर के बीच ओडिशा और बंगाल के तटों के साथ और बाहर न जाएं। अपने ताजा बुलेटिन में आईएमडी ने कहा है, साइक्लोन सितरंग का केंद्र निम्न दबाव वाले क्षेत्र बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी से सटे दक्षिण-पूर्व में है। यह (एजेंसी) की सुबह तक पूर्व-मध्य और इससे सटे बंगाल की दक्षिण-पूर्वी खाड़ी पर बड़ा असर डाल सकता है।

## नकदी, जेवरात समेत अन्य सामान लेकर फरार दुल्हन

**कानपुर(एजेंसी)।** जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां नवविवाहित दुल्हन शादी के एक दिन बाद अपने पति के घर से नकदी और जेवरात समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गई। बाद में, उसने अपने पति को उसके मोबाइल फोन पर फोन किया और उससे अब और संपर्क न करने के लिए कहा।

शख्स ने अब पुलिस को शिकायत दी है और मामले की जांच की जा रही है।घटना 4 अक्टूबर की है, लेकिन शनिवार शाम को कानपुर जिले के बिल्हौर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला संज्ञान में आया।पुलिस के अनुसार, जेडपुर गांव निवासी अरविंद ने अपनी शिकायत में कहा है कि तकतौली गांव के दो लोगों ने उसकी शादी तय करने के लिए उससे 70 हजार रुपये की मांग की। फिर वे उसे बिहार के गया ले गए और रुचि नाम की लड़की से उसकी शादी तय कर दी। 30 सितंबर को पैसे लेने के बाद दोनों युवक उसे एक होटल में ले गए और लड़की की फोटो दिखाई। अगले दिन 1 अक्टूबर को गया के एक मंदिर में विवाह संपन्न हुआ।

## पांच वर्षीय बच्चे का जबरन खतना, आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से एक चौंकाने वाली घटना में धर्म परिवर्तन के इरादे से पांच वर्षीय बालक का जबरन खतना कर दिया गया। मामला तूल पकड़ते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गंगाघाट थाना प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि मौलाना मोहम्मद असलम ने शुक्रवार शाम बच्चे का जबरन खतना करा दिया।पांडे ने कहा कि जब बच्चा घर लौटा और इसकी जानकारी परिजनों को दी तो वे आग बबूला हो गए। इसके बाद बच्चे के माता-पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## थप्पड़ मारने वाले मंत्री सोमन्ना से सीएम बसवराज बोम्मई ने मांगा जवाब, महिला का आया एक और वीडियो

**बेंगलुरू ,(एजेंसी)।** कर्नाटक में मंत्री द्वारा महिला को सरेआम थप्पड़ मारने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विपक्षी दलों की आलोचना के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर मंत्री वी सोमन्ना से सफाई मांगी है। सोमन्ना ने महिला को उस वक्त थप्पड़ मारा था जब उनसे अपने किसी मामले की शिकायत करने पहुंची थी। वहीं एक नए वीडियो में महिला ने कहा है कि मंत्री ने उसे पीटा नहीं, बल्कि सांत्वना दे रहे थे।

मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि मंत्री से सोमवार तक अपनी सफाई पेश करने के लिए कहा गया है। इसके मुताबिक शनिवार रात डिप्टी स्पीकर आनंद ममानी गुजर गए थे। सरकार और पार्टी उनके अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रम में व्यस्त थी, अन्यथा पहले ही सफाई मांग ली गई होती। यह घटना कैमरे में कैद हो गई थी और देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद चारों तरफ से मंत्री की आलोचना शुरू हो गई। कांग्रेस ने इस पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से पूछा था कि क्या वह अपने मंत्री को बर्खास्त करेंगे।

## फोन पर बात करने से मना करने पर लड़की ने की खुदकुशी

**कानपुर ,(एजेंसी) ।** लगातार मोबाइल पर बात करने पर मां द्वारा डांटे जाने के बाद 16 साल की एक लड़की ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दीक्षा के रूप में पहचानी गई लड़की गंगापुर कलोनी इलाके में अपने आवास पर एक कमरे में लटकी हुई मिली।

थाना प्रभारी (एसएचओ) योगेश कुमार सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों के मुताबिक छात्रा स्कूल से घर लौटी और मोबाइल पर बात करने लगी।

# खडगे के पद ग्रहण समारोह में शामिल होंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिवाली पर भारत जोड़ो यात्रा थमने पर राहुल गांधी कांग्रेस के नव निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में मल्लिकार्जुन खडगे के पद ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि आज सुबह 10 बजे से बड़ी संख्या में भारत यात्री दिवाली के लिए घर गए हैं। राहुल गांधी 26 अक्टूबर को खडगे जी के लिए आयोजित होने वाले एआईसीसी समारोह में शामिल होंगे। भारत जोड़ो यात्रा 27 अक्टूबर को तेलंगाना के महबूबनगर जिले से फिर से शुरू होगी।

समारोह के लिए पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पार्टी के लोगों के लिए आमंत्रण पत्र भेजा है। पत्र में जिक्र है कि नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को चुनाव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का समारोह बुधवार 26 अक्टूबर 2022 को सुबह 1030 बजे पार्टी मुख्यालय, 24 अकबर रोड, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आप सादर आमंत्रित हैं।

पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 24 से 26 अक्टूबर तक दिवाली अवकाश पर रहेगी और 27 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी।

कांग्रेस महासचिव ने ट्वीट किया कि भारत जोड़ो यात्रा 24 और 25 अक्टूबर को दिवाली के लिए और 26 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खडगे को चुनाव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए अवकाश लेगी। यात्रा 27 अक्टूबर की सुबह तेलंगाना में फिर से शुरू होगी।

कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर राहुल गांधी ने राज्य सरकार पर हमला किया और आरोप लगाया कि राज्य में 40 प्रतिशत कमीशन सरकार चल रही है, और राज्य की संसति को वित किया जा रहा है।

# मुंबई, पंजाब, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और बंगाल क्वार्टर फाइनल में




मुंबई, मुंबई, पंजाब, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और बंगाल ने अपने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उत्तराखंड के सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा के 96 रन के बावजूद मुंबई के गेंदबाजों ने विषम पलों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी टीम को दो रन से रोमांचक जीत दिलाई। मुंबई के ग्रुप ए में सर्वाधिक 24 अंक रहे और उसने सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ दूसरे स्थान पर रहा और उसे प्री क्वार्टर फाइनल में खेलना होगा। जयपुर में ग्रुप बी के मैच में पंजाब ने शुभमन गिल की नाबाद 57 रनऔर प्रभसिमरन सिंह के नाबाद 80 रन की मदद से उत्तर प्रदेश को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। इस बड़ी जीत से पंजाब ने दिल्ली को नेट रन रेट में पीछे छोड़ कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दिल्ली को अब प्री क्वार्टर फाइनल में खेलना होगा।

दिल्ली ने नीतीश राणा के ऑलराउंड प्रदर्शन से त्रिपुरा को छह विकेट से हराया। राणा ने तीन विकेट लेने के अलावा 61 रन की जोरदार पारी भी खेली। मोहाली में मध्यम गति के गेंदबाज आकिब नबी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले जम्मू कश्मीर के पहले गेंदबाज बने लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम को ग्रुप सी के इस मैच में सेना से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप ए में राजस्थान में मिजोरम को 73 रन से करारी शिकस्त दी जबकि एक अन्य मैच में असम ने मध्यप्रदेश को पांच विकेट से हराया। विदर्भ ने रेलवे को छह विकेट से पराजित किया। ग्रुप बी में हैदराबाद में मणिपुर को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी जबकि गोवा ने पुदुचेरी को 88 रन पर आउट करने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। इस बीच ग्रुप सी में महाराष्ट्र ने अरुणाचल प्रदेश को 63 रन से जबकि कर्नाटक ने हरियाणा को पांच विकेट से हराया। एक अन्य मैच में केरल ने मेघालय को पांच विकेट से पराजित किया। ग्रुप डी में हिमाचल प्रदेश ने नागालैंड को नौ विकेट से, बड़ौदा ने आंध्र को 11 रन से और गुजरात में बिहार को चार विकेट से हराया। ग्रुप डी में झारखंड में सिक्किम को 10 विकेट से, छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 87 रन से और चंडीगढ़ ने बंगाल को आठ विकेट से पराजित किया।

## सुल्तान जोहोर कप में भारतीय जूनियर पुरूष टीम ने मलेशिया को 5–2 से हराया

नई दिल्ली,। भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां मेजबान मलेशिया को 5–2 से शिकस्त देकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अभियान शुरू किया। भारत के लिये अमनदीप ने छठें मिनट, अराईजीत सिंह हुंडाल ने 10वें मिनट, बॉबी सिंह धामी ने 20वें मिनट, सुदीप चिरमाको ने 26वें मिनट और शारदा नंद तिवारी ने 56वें मिनट में गोल दागा। मलेशिया की ओर से शाहमी इरफान सुहैमी ने 13वें और मोहम्मद मामत ने 52वें मिनट में गोल किये। भारत ने शुरू से ही अपने इरादे जाहिर कर दिये जब कप्तान उत्तम सिंह ने पहले ही मिनट में सर्कल के अंदर दबाव बनाया। वहीं मलेशिया ने मजबूत रक्षण जारी रखा और विपक्षी टीम के प्रयासों को विफल किया। कुछ मिनट बाद अमनदीप ने रिवर्स हिट से भारत को बढ़त दिला दी। अराईजीत सिंह हुंडाल ने पेनल्टी कॉर्नर प्रयास में गेंद नेट में पहुंचाकर भारत को 2–0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरू में भारत ने मलेशिया के सर्कल के अंदर सेंध लगाना जारी रखा ताकि प्रतिद्वंद्वी टीम का डिफेंस दबाव में आ जाये।बॉबी सिंह धामी ने मलेशियाई रक्षण को चीरते हुए भारत की बढ़त तीन गुनी कर दी। सुदीप चिरमाको ने भारत के लिये जवाबी हमले में भारत के लिये चौथा गोल किया।

# भारत के लिए स्वप्निल कुसाले ने तीसरा ओलंपिक कोटा हासिल की



नई दिल्ली,स्वप्निल कुसाले ने आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में शनिवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन के फाइनल में चौथा स्थान हासिल कर भारत के लिए तीसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। भारत के लिए पहला कोटा भौनीश मेंदीरत्ता ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जबकि दूसरा कोटा रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में हासिल किया था।

कुसाले ने क्वालिफिकेशन में 593 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाई थी। वह एक समय स्वर्ण पदक के मैच में जगह बनाने के करीब थे लेकिन उनका आखिरी शॉट खराब रहा जिसमें उन्होंने केवल 8.2 अंक बनाए। कुसाले का कुल स्कोर 407.6 जबकि कांस्य पदक विजेता नार्वे के जॉन हरमन हेग का स्कोर 407.9 रहा। यूक्रेन के सेरही कुलिश ने स्वर्ण पदक के मैच में पोलैंड के टॉमस बार्टनिक को 16–6 से हराया।

रिदम सांगवान महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मामूली अंतर से कोटा हासिल करने से चूक गई। भारत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम जूनियर प्रतियोगिता में पहले दो स्थान हासिल किये जिससे भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है। इसमें 12 स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह 589 अंक बनाकर 14वें और नीरज कुमार 588 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रहे। सागर डांगी और शिखा नारवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित जूनियर वर्ग में 600 में से 580 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना हमवतन ईशा सिंह और सम्राट राणा से हुआ जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 579 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। सागर और शिखा ने फाइनल में 17–15 से जीत दर्ज की।

# जीत दिलाते ही जैसे विराट कोहली पवेलियन पहुंचे कोच राहुल द्रविड़ ने लगाया गले, बरसाया प्यार



नई दिल्ली, ' भारत और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया को 4 रन से जीत मिली। इस मैच में रोमांच अपने चरम पर था और विराट कोहली ने जिस तरह की बल्लेबाजी से भारत को जीत दिलाई वो अपने आप में नायाब था। टीम इंडिया इस मैच में इस स्थिति में थी कि एक वक्त ऐसा लग रहा था टीम को हार का सामना करना पड़ेगा, लेकिन विराट कोहली ने जो धैर्य दिखाया और जिस तरह की पारी खेली वो अद्भुत था। मेलबर्न मैदान पर 90,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे जो टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत के गवाह बने।

**विराट कोहली को राहुल द्रविड़ ने लगे लगाया**

भारतीय टीम को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन बनाने थे और विराट कोहली ने इस ओवर में दो छक्के लगाकर टीम को जीत की दहलीज पर ला दिया। इसके बाद आखिरी गेंद पर आर अश्विन ने चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। जीत के बाद जब विराट कोहली पवेलियन लौटे तब टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें लगे लगा लिया और जमकर उन पर प्यार लुटाया।



इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीतने के तुरंत बाद कप्तान रोहित शर्मा व अन्य खिलाड़ी मैदान पर पहुंचे थे और सबने विराट कोहली की जमकर तारीफ की और जश्न मनाया था। विराट कोहली भी मैच के बाद भावुक नजर आए थे और उनकी आंखों से आंसू छलक आए थे। कोहली ने इस मैच में नाबाद 82 रन की पारी खेली थी जो वर्ल्ड कप में चेज करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ उनकी अब तक की बेस्ट पारी रही। विराट कोहली को उनकी पारी के लिए प्लेयर आफ द मैच का खिताब दिया गया।

## फिल्मी गपशप

# आनंद एल राय की अगली फिल्म में हो सकते हैं विक्की कौशल, तैयार है स्क्रिप्ट

फिल्ममेकर आनंद एल राय छोटे शहरों की कहानियों से फिल्म जगत में अपनी खास छाप छोड़ चुके हैं। राय की छोटे शहरों की लव स्टोरी और उनमें शामिल मिडिल क्लास के संघर्षों को दर्शकों ने अब तक खूब सराहा है। बीते दिनों उनकी फिल्म रक्षा बंधन रिलीज हुई थी। यह फिल्म चार बहनों और एक भाई की कहानी थी। अब आनंद अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। आनंद की इस फिल्म में विक्की कौशल नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार आनंद एक प्योर लव स्टोरी वाली फिल्म बनाने जा रहे हैं। जब उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर विक्की कौशल से बात की तो उन्हें यह काफी पसंद आया। 2018 की फिल्म मनमर्जियां के बाद से ही विक्की और आनंद में अच्छा बॉन्ड है। आनंद फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं और फिलहाल इसकी कास्टिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग अगले साल के मध्य में शुरू करने की योजना है।

बीते दिनों आनंद अपनी फिल्म रक्षा बंधन को लेकर चर्चा में थे। इसके पहले उनकी फिल्म अतरंगी रे आई थी। इस फिल्म में सारा अली खान और धनुष मुख्य भूमिका में नजर आए थे। आनंद और विक्की की फिल्म मनमर्जियां को दर्शकों ने खूब सराहा था। इस फिल्म में तापसी पन्नू और अभिषेक बच्चन नजर आए थे। वह शाहरुख खान की फिल्म जीरो का निर्देशन कर चुके हैं। आनंद की फिल्म रांझणा को भी काफी पसंद किया गया था।

विक्की इन दिनों मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म सैम बहादुर की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में उनके साथ सान्या मल्होत्रा नजर आएंगी। यह फिल्म फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक है। विक्की शशांक खैतान की गोविंदा नाम मेरा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। वह इम्मोर्टल अस्वत्थामा में भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। विक्की पिछली बार सरदार उधम सिंह में नजर आए थे। इस फिल्म के लिए उन्हें कई पुरस्कार भी मिले।

आनंद बीते दिनों अपने नए घर के कारण चर्चा में थे। उन्होंने मुंबई में नया घर खरीदा है। रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने 40 करोड़ रुपये में एक डुप्लेक्स खरीदा है। अपने नए घर को



लेकर आनंद बेहद उत्साहित हैं। इस घर का इस्तेमाल वह अपनी मीटिंग और अन्य कामों के लिए कर सकते हैं। यह घर कृति सैनन के फ्लैट के पास में है। बता दें कृति अमिताभ बच्चन के एक फ्लैट में किराए से रहती हैं।

# फिल्में बड़े पर्दे के लिए होती हैं : अंगद बेदी

घूमर से तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे अभिनेता अंगद बेदी का मानना है कि फिल्में बड़े पर्दे के लिए बनती हैं। हालांकि, उन्होंने उल्लेख किया कि उन्हें ओटीटी कंटेंट भी पसंद है। उनकी आखिरी फिल्म गुंजन सक्सेना–द कारगिल गर्ल, जिसमें जान्हवी कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, ओटीटी पर आई, लेकिन मूल रूप से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

ओटीटी और थिएटर के माध्यम पर अपने विचार साझा करते हुए, अंगद कहते हैं, फिल्म अभिनेताओं के रूप में, हम दर्शकों से जुड़ना पसंद करते हैं और थिएटर वह जगह है जहां आपको तुरंत दर्शकों का फैसला मिलता है।

हालांकि मैं ओटीटी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, लेकिन मेरा मानना है कि फिल्में बड़े पर्दे के लिए होती हैं।



उन्होंने आगे साझा किया कि टीम ने घूमर के रूप में एक आकर्षक फिल्म बनाई है, यह बताने के लिए एक सुंदर कहानी के साथ एक शानदार फिल्म होने जा रही है, और मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि बड़े परदे पर हिट होना कैसा होता है।आर बाल्की द्वारा निर्देशित घूमर में अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर और शबाना आजमी भी हैं। अंगद की आखिरी परियोजना एक लघु फिल्म, द लिस्ट थी, जिसमें पिंक की उनकी सह–कलाकार कीर्ति कुल्हारी भी थीं।

# सत्यप्रेम की कथा से क्लैश के चलते बदली गई ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट

हाल में अभिनेता आयुष्मान खुराना ने ड्रीम गर्ल 2 की घोषणा की थी। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे नडर आएंगी। फिल्म अगले साल 29 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट बदल दी गई है। यह फिल्म 29 जून से पहले ही 23 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कार्तिक आर्यन की सत्यप्रेम की कथा के क्लैश से बचने के लिए मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सत्यप्रेम की कथा के क्लैश से बचने के लिए ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। बता दें कि सत्यप्रेम की कथा अगले साल 29 जून को बड़े पर्दे पर आएगी। इसे मेकर्स का समझदारी भरा फैसला माना जा रहा है। ये दोनों बड़े बजट में बनने वाली कमर्शियल फिल्में हैं, इसलिए दोनों में कड़ी टक्कर होने की गुंजाइश थी।

अभिनेता कार्तिक की हालिया फिल्में सफल रही हैं, इसलिए सत्यप्रेम की कथा से दर्शकों को



काफी उम्मीदें हैं। खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए कार्तिक ने अपनी शारीरिक संरचना में काफी बदलाव किए हैं। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है, जिसमें उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी। भूल भुलैया 2 में दोनों की जोड़ी ने कमाल कर दिया था। इस फिल्म का निर्देशन समीर विद्वंस कर रहे हैं।

ड्रीम गर्ल 2 में कॉमेडी का जबरदस्त तडका लगने वाला है। इसमें अन्नू कपूर, परेश रावल, विजय राज, राजपाल यादव, असरानी, मनोज जोशी जैसे सितारे नजर आएंगे। पिछली फिल्म का निर्माण एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स ने किया था। वह फिर से ड्रीम गर्ल 2 को प्रोड्यूस करने में लगी हैं। ऑरिजनल फिल्म की तरह इसके सीक्वल का निर्देशन भी राज शांडिल्य ही कर रहे हैं। मनोरंजन के साथ–साथ फिल्म में दर्शकों के लिए एक खास संदेश भी होगा।

अगले साल पर्दे पर कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान की जवान 2 जून को रिलीज होने वाली है। इससे पहले उनकी पठान 25 जनवरी को दर्शकों के बीच आएगी। प्रभास की आदिपुरुष 12 जनवरी को आ रही है। 10 फरवरी को कार्तिक एक और फिल्म शहजादा रिलीज होगी। सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को ईद के मौके पर दस्तक देगी।

ड्रीम गर्ल 2019 में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 140 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म को आईएमडीबी पर 10 में से 7 रेटिंग मिली है। यह फिल्म आईएमडीबी पर देखी जा सकती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com